दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 73 सीकर, रविवार 10 मई 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

# सुवेंदु अधिकारी ने ली सीएम पद की शपथ

नई दिल्ली।

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी का सोनार बांग्ला युग शुरू हो गया है। शुभेंदु अधिकारी शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले ली है। बीजेपी को विधानसभा चुनावों में जबरदस्त जनादेश मिला और उसने 293 में से 207 सीटें जीतीं। भले ही पश्चिम बंगाल को बीजेपी के लिए राजनीतिक रूप से एक मुश्किल क्षेत्र माना जाता रहा हो, यहां तक कि पूरे भारत में पार्टी के विस्तार के दौरान भी लेकिन यह नया युग भगवा पार्टी की लंबी वैचारिक और सांगठनिक लड़ाई का प्रतीक है।

बंगाल को अपना पहला बीजेपी का मुख्यमंत्री मिला है। इस पल के ऐतिहासिक होने का सबसे बड़ा कारण सीधा सा है बंगाल में इससे पहले कभी कोई बीजेपी मुख्यमंत्री नहीं रहा था।

आजादी के बाद से, इस राज्य पर मुख्य रूप से कांग्रेस, वाम मोर्चा और तृणमूल कांग्रेस का शासन रहा है। बीजेपी का एक छोटी-सी राजनीतिक ताकत से सत्ताधारी पार्टी बनने तक का सफर, बंगाल के इतिहास में सबसे बड़े चुनावी बदलावों में से एक है। अमित शाह ने इस जीत को एक लंबी राजनीतिक यात्रा की परिणति बताया, जबकि बीजेपी नेताओं ने इसे पूर्वी भारत के लिए एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत के तौर पर पेश किया।



## शुभेंदु का स्थानीय पार्षद से मुख्यमंत्री बनने तक का सफर

अधिकारी का उदय, बंगाल के राजनीतिक पैमानों के हिसाब से भी असाधारण रूप से नाटकीय रहा है। उन्होंने 1995 में 31 साल की उम्र में, कोंताई नगरपालिका में कांग्रेस पार्षद के तौर पर अपना पहला चुनाव जीता। इसके बाद वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए और धीरे-धीरे पूर्वी मिदनापुर में अपना दबदबा बढ़ाया।

बाद में वे विधायक, सांसद और राज्य मंत्री बने और फिर नंदीग्राम आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक बनकर उभरे। 2020 में भाजपा में शामिल होने के उनके फैसले ने बंगाल की राजनीति को हमेशा के लिए बदल दिया। भगवा खेमे में शामिल होने के पांच साल के अंदर ही अब वे मुख्यमंत्री बने हैं। कोंताई की स्थानीय गलियों से लेकर राइटर्स बिल्डिंग्स तक का उनका राजनीतिक सफर, पिछले कुछ दशकों में राज्य में हुए सबसे बड़े राजनीतिक बदलावों में से एक को दिखाता है। वह शख्स जिसने ममता बनर्जी को दो बार हराया 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद अधिकारी का राजनीतिक कद काफी बढ़ गया, जब उन्होंने नंदीग्राम में ममता बनर्जी को शिकस्त दी। यह मुकाबला उस चुनाव की सबसे अहम लड़ाई बन गया और अधिकारी को बंगाल में बीजेपी का सबसे अहम चेहरा बना दिया। भले ही बीजेपी 2021 का राज्य चुनाव हार गई, लेकिन अधिकारी की जीत ने पार्टी को एक मनोवैज्ञानिक बढ़त दी। बाद में वे विपक्ष के नेता बने और तृणमूल सरकार के खिलाफ बीजेपी के अभियान का जोरदार तरीके से नेतृत्व किया। बीजेपी नेताओं ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने ममता को उनके अपने ही राजनीतिक गढ़ में चुनौती दी और भारी राजनीतिक दबाव के बावजूद डटे रहे।

## ग्रामीणों को दी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा ग्राम रथ अभियान शनिवार को तहसील के गोगासर ग्राम पंचायत पहुँचा। गोगासर पहुँचने पर ग्रामीणों और विशेषकर महिलाओं ने उत्साह के साथ रथ का स्वागत और अभिनंदन किया। ग्राम रथ में लगी आधुनिक एलईडी स्क्रीन के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई। वीडियो और ऑडियो के माध्यम से योजनाओं की पात्रता और लाभ लेने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया ताकि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुँच सके। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रथ के साथ आए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अभियान के विधानसभा प्रभारी गुरू बचन धानका एवं सुरेन्द्र जांगिड़ पाबूसर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का मुख्य ध्येय पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जागरूक बनें और इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे जिनमें मुख्य रूप से ब्लॉक विकास अधिकारी ?महेन्द्र सोलंकी, ग्रामीण विकास अधिकारी नंदू सिंह, रवि, किशन, निरंजन, भागुराम, रामलाल, जगदीश प्रसाद सहित कई ग्रामीण महिलाएँ उपस्थित थी।

## लोक अदालत में राजीनामे से हुआ प्रकरणों का निस्तारण



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके लिए न्यायालय सुजानगढ़ मुख्यालय पर कुल दो बैंच का गठन किया गया। प्रथम बैंच के अध्यक्ष एडीजे न्यायाधीश महेन्द्र प्रताप भाटी, सदस्य अधिवक्ता संतोष सोनी रहे। जिसमें न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायालय में लंबित, एमएसीटी के 5 प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर राशि 2760000 रूपये के अवार्ड जारी किये। राजीनामा योग्य फौजदारी के 2 प्रकरण, वैवाहिक विवाद के 7 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। न्यायालय में लंबित कुल 22 प्रकरणों का निस्तारण जरिये राजीनामा हुआ। इसी प्रकार बैंच द्वारा प्री-लिटिगेशन के 95 प्रकरणों का निस्तारण कर राशि 12273639रूपयें की रिकवरी की गई। द्वितीय बैंच में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास गजराज, राजस्व अधिकारी गिरधारीलाल पारीक, सदस्य अधिवक्ता बसंती खेतान रहे। बैंच द्वारा न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुजानगढ़ में लंबित 36 प्रकरणो को निस्तारण जरिये राजीनामा किया गया एवं न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुजानगढ़ में लंबित 13 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में अधिवक्ता भीमशंकर शर्मा, दिनेश दाधीच, अयूब खां, सलीम खां, किशन सैनी, घनश्याम सैनी व विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता अनिल कुमार बरवड़ व रीडर सुरेश कुमार इंदौरिया, अब्दुल रसीद, दुर्गासिंह, अनवर खां न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे। सचिव बन्दना कंवर ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग किया।

### देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने लिया शैलेंद्र नाथ से आशीर्वाद



**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान सरकार के देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा कुम्भ नाथजी दरबार पहुँचे। दरबार पहुँचने पर महंत डॉ शैलेंद्र नाथ अघोरी का आशीर्वाद लिया। दरबार में पहुँचने पर पंडित विनय एवं खुशवंत के आचार्यत्व में पूजा अर्चना की। भजपा जिला अध्यक्ष हर्षनी कुलहरि ने भी अध्यक्ष भडाणा के साथ धोक लगाई। दरबार पहुँचने पर महंत डॉ शैलेंद्र नाथ अघोरी ने अध्यक्ष भडाना का दुपट्टा पहनाकर एवं माँ कामाक्षा की तस्वीर भेंट की कर सम्मान किया। इस अवसर पर रमेश सैनी, प्रेम गुर्जर, राहुल गुर्जर, दीपक गुर्जर, मनीष शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मैस अध्यक्ष का किया स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय जाट छात्रावास के मैस अध्यक्ष अशोक टांडी का स्वागत एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। अशोक टांडी ने कहा कि चार सालों तक मैंने विद्यार्थी हितों के लिए संघर्ष किया है और आगे भी करता रहूंगा। टांडी ने छात्रावास में वाटर कूलर प्रदान करने की घोषणा की। इस दौरान कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया, जेठाराम गुर्जर, प्रदीप, कमल जाट, पवन भामू, कुलदीप भामू, खुशी, राजा खान, भींयाराम भामू, सुशील जाट, प्रवीण ढाका, रामरतन एचरा, रामावतार जांदू, अंकित जांदू, विकास, अजयपाल, सुरेंद्र आदि ने साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर अशोक टांडी का स्वागत किया।

## ग्राम रथ को भाजपा नेता बबलू चौधरी ने दिखाई हरी झंडी

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भाजपा नेता निषीत कुमार (बबलू चौधरी) ने बतौर प्रभारी शनिवार को पिलानी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धंडावा में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के अंतर्गत रथ को हरी झंडी दिखाई।

इस मौके पर भाजपा नेता बबलू चौधरी ने कहा कि यह ग्राम रथ अभियान आधुनिक कृषि के संदेश को सीधे किसानों तक पहुँचाने का एक माध्यम है ताकि वे 2026 की बड़ी एग्रीटेक मीट का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2026 राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसका मुख्य लक्ष्य कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक, निवेश और वैश्विक सहयोग के माध्यम से विकास को गति देना है। दरअसल यह आगामी 23 से 25 मई तक जयपुर में होने वाले ग्राम 2026 कार्यक्रम के प्रचार और जनजागरूकता के लिए शुरू किया गया एक विशेष रथ अभियान है। इस दौरान पिलानी विधानसभा प्रत्याशी राजेश दहिया, सरपंच रामेश्वर, डॉ सुरेंद्र सिहाग, ग्राम सेवक संदीप गोयल, चिड़ावा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल, झुंझुनू शहर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह कालीपहाड़ी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय लोक अदालत में 82 लाख से अधिक राशि के अवार्ड पारित



निसं

**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** तालुका विधिक सेवा समिति दांतारामगढ़ की ओर से शनिवार को वर्ष 2026 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर की अध्यक्ष रूपा गुप्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए तालुका मुख्यालय स्थित न्यायालयों हेतु एक बैंच का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मनीष कुमार सिन्हा ने की। बैंच में सदस्य के रूप में पैनल अधिवक्ता रतन लाल जाट शामिल रहे। लोक अदालत में एडीजे कोर्ट दांतारामगढ़ के 22 तथा एसीजेएम कोर्ट दांतारामगढ़ के 54 लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं लोक अदालत की भावना के अनुरूप निस्तारण किया गया। इन मामलों में कुल 35 लाख 18 हजार 300 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। इसके अतिरिक्त 41 बैंक एवं बीएसएनएल से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निस्तारण किया गया, जिनमें 47 लाख 47 हजार 11 रुपये के अवार्ड पारित हुए। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 82 लाख 65 हजार 311 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। इस दौरान न्यायालयकर्मी, बैंक, बीएसएनएल एवं विद्युत विभाग के प्रतिनिधि, कर्मचारीगण, पक्षकार तथा अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

**इंटेलिजेंस बोली- गोलीबारी और आत्मघाती हमला भी हो सकता है, भाजपा हेडक्वार्टर-सरकारी इमारतों की सुरक्षा बढ़ाई**

नई दिल्ली।

इंटेलिजेंस एजेंसियों ने दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के आधार पर यह जानकारी दी है। एजेंसी के मुताबिक, भाजपा मुख्यालय और आसपास की सरकारी इमारतों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एजेंसियों को शक है कि दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित कार्यालयों को आत्मघाती हमलों, कार ब्लास्ट, गोलीबारी या आईईडी के जरिए निशाना बनाया जा सकता है। किसी भी खतरे को टालने के लिए सुरक्षा बलों ने निगरानी और एहतियाती कदम बढ़ा दिए हैं। पुलिस और सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त जवानों की तैनाती, चेकिंग और सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी है।

## अपहरण और दुष्कर्म का इनामी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले बीस हजार इनामी आरोपित को धरदबोचा है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले मनीष बैरवा निवासी चाकसू को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मनीष बैरवा की निशानदेही पर वारदात के समय इस्तेमाल की गई उसकी मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस फिलहाल गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि प्रकरण से जुड़े अन्य तथ्यों को स्पष्ट किया जा सके। चाकसू थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि चाकसू थाने में नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म को लेकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल करते आरोपित की तलाश में जुट गई। वहीं इस घटना के बाद से लगातार आरोपित फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस ने बीस का इनाम घोषित किया था। टीम ने अथक प्रयासों, तकनीकी अनुसंधान और मुखबिरों से मिली सटीक सूचना के आधार पर जाल बिछाकर फरार इनामी आरोपित को पकड़ा। इस कार्रवाई में चाकसू थानाधिकारी मनोहर लाल, उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह, सांगानेर सदर थाने के एएसआई प्रेमचंद, साइबर सेल जयपुर दक्षिण के हेड कांस्टेबल लोकेश कुमार व रामसिंह और चाकसू थाने के कांस्टेबल जगदीश प्रसाद, बाबूलाल, कमलेश, ओमप्रकाश तथा महिला कांस्टेबल विमला शामिल रहे।


# फिर से त्रासदी के बचाव के लिए समय पर व्यवस्थाएं करे सरकार : मेघवाल

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में चल रहा धरना लगातार छठे दिन भी जारी रहा। धरने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष व विधायक मनोज मेघवाल व बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। इस दौरान विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि हमारा सबसे बड़ा मुद्दा शहर की सफाई और पानी निकासी है क्योंकि जिस प्रकार की त्रासदी पिछले साल शहर की जनता ने झेली थी, उसी प्रकार के हालात नगरपरिषद में मिस मैनेजमेंट के चलते फिर से होते नजर आ रहे हैं। विधायक ने कहा कि मार्च से खानपुर रोड का पंप बंद पड़ा है, गेनाणी के पंपों के लिए कलेक्टर को फोन किया गया, तब पंप चालू हुए, ऐसे में सोचने वाली बात है कि सरकार ने शहर की जनता को किसके भरोसे छोड़ रखा है। विधायक ने कहा कि तहसीलदार के पास पहले से ही ओवरलोड काम है, ऐसे में उनको चार्ज देकर सरकार क्या दिखाना चाहती है ? क्या सरकार के पास एक भी आयुक्त नहीं है, जो सुजानगढ़ में लगाया जा सके। विधायक ने कहा कि सरकार जान बूझकर सुजानगढ़ की जनता को लावारिश हालत में रखना चाहती है और यहां पर आयुक्त नहीं लगा रही। विधायक ने कहा कि महापुरूषों की मूर्तियां लगाने की मांग को लेकर 6 दिनों से धरना चल रहा है लेकिन कोई अधिकारी धरने पर वार्ता के लिए नहीं आया, ये सब दिखाता है कि सरकार के अधिकारी किस प्रकार से प्रेशर में काम कर रहे हैं। मेघवाल ने कहा कि प्रशासक और कार्यवाहकों के भरोसे प्रदेश की व्यवस्था चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि टेक्ट्रर्स फर्म के ट्रेक्टर कम पाये गये और निरीक्षण के बाद एक बार खानापूर्ति करके वापस वहीं व्यवस्था चालू है। ऐसे में मानसून सिर पर है, जनता किसके भरोसे है। मेघवाल ने कहा कि नगरपरिषद में ग्रांट आई तो एक ठेकेदार को काफी बड़ा पेमेंट किया गया, लेकिन पहले से बकाया लोगों पर ध्यान नहीं दिया गया, जो दिखाता है कि किस प्रकार से भेदभाव किया जा रहा है। मेघवाल ने कहा कि बारिश से पहले नालों की सफाई और साफ-सफाई से सम्बंधित टेंडर किए जावें। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, नगर अध्यक्ष रामावतार शर्मा, अमित मारोठिया, रामनिवास गुर्जर, आसिफ नासवान, बजरंग सेन, लालचंद बेदी, ओंकारमल, विद्याधर बेनीवाल, दाऊद काजी, कन्हैयालाल, मुकुल मिश्रा, अजय ढेनवाल, आवेश राव, तरुण सियोता, सिराज खान, मदन सोनी, मुकेश गोयल, इकबाल खान, राजा खाना, राजू इंदौरिया, अजय सियोता सहित अनेक लोग धरने पर मौजूद रहे। सभी ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। आपको बता दें कि नेहरू पार्क में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी गिरीशचंद्र मिश्र की मूर्तियां लगाये जाने की मांगों को लेकर ये धरना चल रहा है।




## कोबरी-सार



# प्रदेश सरकार आमजन के विकास और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही : गुर्जर

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के ग्राम भिंटेरा में शनिवार को ग्राम रथ अभियान यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर थे जबकि अध्यक्षता तहसीलदार सुनील कुमार मील ने की। इस दौरान अभियान के तहत विधायक धर्मपाल गुर्जर ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन के विकास और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा गांव-ढाणी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, विद्युत, कृषि, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विधायक ने ग्रामीणों को डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोकहितकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को गांव में ही सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने से काफी राहत मिलेगी। राज्य सरकार ने अनेक योजनाएं चलाई जा रही है प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान ग्रामीणों ने भी क्षेत्र में पेयजल की समस्याओं और आवश्यकताओं को विधायक के समक्ष रखाए जिस पर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। अभियान के दौरान सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और ग्रामीणों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर भाजपा मेहाड़ा मंडल अध्यक्ष प्रभू गुर्जर राजोता, जसरापुर मंडल महामंत्री राकेश शर्मा, महिपाल सिंह, जोगेंद्र, सज्जन कुमार, महेश कुमार, मोहर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।



# अपहरण कर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ी नगर पुलिस अपहरण कर मारपीट करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले छह माह से फरार चल रहा था। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 30 अक्टूबर को कपिल निवासी खोजियों वाली तन लोयल ने रिपोर्ट दी कि उसके मोबाईल पर नवीन कुमार निवासी लोयल का फोन से घर से बाहर बुलाने पर बिना नम्बर थार गाड़ी में अन्य लडकों के साथ मेरे को जबरदस्ती जान से मारने की नियत से गाड़ी में डाल लिया व गाड़ी के पिछे एक बाइक भी थी जिस पर तीन लड़के बैठे थे जो उसे लोयल के ग्राउण्ड में ले जाकर नवीन व उनके साथ अन्य व्यक्तियों द्वारा लकड़ियों व सरियों से मारपीट की। इसके बाद घायलावस्था में फिर से गाड़ी में डालकर घर के सामने डालकर चले गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की सरगर्मी से तलाश के लिए उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस की टीम आरोपी का लगातार पीछा करते हुए सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपी नवीन कुमार निवासी लोयल को धींधवा अगुणा गांव से गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राकेश कुमार, एएसआई कल्याण सिंह, एचसी राजेश, कांस्टेबल संदीप कुमार, नेमीचंद आदि शामिल थे।

# वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती मनाई



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** आरटीओ ऑफिस के पास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपली नगर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती शनिवार को बड़े धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विद्यालय के गौरव सेनानी शिक्षक जयपाल सिंह शेखावत ने जयंती कार्यक्रम में कहा कि महाराणा प्रताप ने सिखाया था की झुकना नहीं है, चाहे हालात कैसे भी हो।

महाराणा प्रताप केवल राजा ही नहीं, एक विचार है जो हर पीढ़ी को अन्याय के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत देता है। इस अवसर सुनीता खीचड़, सुमन चौधरी, कमल चौधरी, पूजा कुमारी, अर्पित कुमारी, संदीप कुमार, सुमन सिसोदिया, सुभीता देवी एवं चंदा देवी आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा और ईमानदारी को मिलेगा प्रोत्साहन

## परिवहन निरीक्षक संघ और कोचिंग महासंघ की नई पहल



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रदेश में सड़क सुरक्षा-यातायात नियमों की पालना और विभाग में ईमानदारी से कार्य करने वाली प्रतिभाओं को अब सामाजिक स्तर पर सम्मान मिलेगा। इसके चलते ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनीश कुमार नाडार ने राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार चौधरी से मुलाकात कर इस संबंध में एक प्रस्ताव सौंपा।

### सम्मान से बढ़ेगा मनोबल

कोचिंग महासंघ द्वारा सौंपे गए पत्र में सुझाव दिया गया है कि परिवहन विभाग में ईमानदारी से अपनी सेवाएं देने वाले अधिकारियों, नियमों का पालन करने वाले वाहन स्वामियों और सजग चालकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष सम्मान अभियान शुरू किया जाए। इस पहल का उद्देश्य समाज में सकारात्मक योगदान देने वाले नागरिकों और अधिकारियों का मनोबल बढ़ाना है ।

### साझा जिम्मेदारी है सड़क सुरक्षा

राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ ने इस सामाजिक पहल का स्वागत किया है । संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार चौधरी ने कहा सड़क सुरक्षा केवल सरकारी विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज का साझा उत्तरदायित्व है ।

जब समाज नियमों के पालन और ईमानदारी को सम्मान देता है तो युवाओं और अधिकारियों में जिम्मेदारी की भावना और अधिक मजबूत होती है।

### सुशासन और विजन को मिलेगी गति

इस अवसर पर आशीर्वाद वृद्धाश्रम के अध्यक्ष धीरज शर्मा सहित महासंघ के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। संघ का मानना है कि यह पहल प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सुशासन व पारदर्शिता की भावना को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। इस अभियान के माध्यम से प्रदेश में एक ऐसी कार्यसंस्कृति विकसित करने का प्रयास किया जाएगा, जहाँ नियमों का पालन करना गर्व की बात हो।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योगाभ्यास शुरू

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुर्वेद विभाग तारानगर की ओर से कस्बे के नेचर पार्क में योगाभ्यास शुरू करवा दिया गया है। नोडल अधिकारी डॉ दीपचंद शेखू ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर कस्बे के नेचर पार्क में सुबह 6 बजे से नियमित योगाभ्यास शुरू करवा दिया गया है। योग प्रशिक्षक मोहरसिंह सोनी व महिला योग प्रशिक्षक नेहा सैनी लोगों को योगाभ्यास करवा रहे है। योगाभ्यास में ज्यादा से ज्यादा लोग भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

# भाजपा ग्रामीण मंडल की मासिक बैठक संपन्न

निसं



**लाडनूं (नवयत्न)।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रथम सप्ताह में मंडल बैठक की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए लाडनूं विधानसभा क्षेत्र के निम्बी जोधां भाजपा ग्रामीण मण्डल की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर पंवार गर्ग की गरिमामयी अध्यक्षता में विश्वकर्मा मन्दिर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें विधानसभा प्रवासी राकेश शर्मा ने संगठन की मजबूती और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने, मन की बात कार्यक्रम की रिपोर्टिंग, शक्ति केंद्र एंव बूथ मजबूत कैसे हो जैसे मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आगामी लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने पर बल दिया। बैठक में जगदीश प्रसाद पारीक जिला उपाध्यक्ष ने भी प्रत्येक बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ सुनने और रिपोर्टिंग करने पर बल दिया। इस बैठक में भाजपा नेता नाथूराम कालेरा, नवरत्न खीचड़ पूर्व मण्डल अध्यक्ष, मण्डल उपाध्यक्ष किशनलाल चौहान, किसान मोर्चा अध्यक्ष कानाराम खिलेरी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सीताराम आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** भीषण गर्मी को देखते हुए इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य समाजसेवी अमरसिंह चारण की ओर से कस्बे में सार्वजनिक स्थानों पर बेजुबान पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए गए। एसडीएम राजेंद्र कुमार, डीएसपी रोहित सांखला व सोसायटी के आजीवन सदस्य समाजसेवी अमरसिंह चारण ने डीएसपी कार्यालय में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर परिंडा लगाओं अभियान की शुरुआत की। एसडीएम व डीएसपी ने सामाजिक सेवाओं के कार्य में अग्रणी रहने पर समाजसेवी चारण की प्रशंसा करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। इस मौके पर इस मौके पर मुकेश फगेड़िया, पूर्ण सरोवा, निशांत स्वामी, अनिल, राजू, सुनील आदि युवादल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। भीषण गर्मी को देखते हुए समाजसेवी चारण ने झूगी झोंपडियों में रहने वाले लोगों के लिए भी टैंकरों से पेयजल की व्यवस्था की तथा उन्हें खाद्य सामग्री प्रदान की।

# बैठक आज

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान झुंझुनू की मासिक बैठक रविवार को सुबह दस बजे करणी राम रामदेव पार्क कोर्ट सर्किल के पास की जावेगी।

बैठक में सिलाई मशीन, रोडवेज पास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार ऋण व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग योजनाओं की जानकारी दी जावेगी तथा झुंझुनू शहर के विभिन्न इलाकों में संस्थान द्वारा पक्षियों के लिए परिंडा लगाये जायेंगे। इसलिए बैठक में ज्यादा ज्यादा से भाग लेकर बैठक को सफल बनावे। बैठक की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष बाबूलाल कुमावत करेंगे।

# फर्जी पट्टे जारी करने के मामले में कार्रवाई

## तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के पपुरना पंचायत में फर्जी पट्टा जारी करने के मामले में जिला परिषद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पपुरना ग्राम पंचायत के तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद द्वारा जारी आदेश के अनुसार पंचायत समिति विकास अधिकारी द्वारा करवाई गई प्रारंभिक जांच में अनियमितताओं और नियमों के विरुद्ध पट्टा जारी करने की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई। निलंबित ग्राम विकास अधिकारी जयकिशन का मुख्यालय आगामी आदेश तक जिला परिषद मुख्यालय झुंझुनू पंचायत प्रकोष्ठ में रखा गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पपुरना क्षेत्र में फर्जी तरीके से पट्टा जारी किए जाने की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला परिषद प्रशासन ने जांच करवाई, जिसमें दस्तावेजों में गड़बड़ी और प्रक्रिया में लापरवाही सामने आई। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सीईओ ने तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी कर दिए। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायत स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं इस कार्रवाई के बाद पंचायत विभाग में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि फर्जी पट्टों के कारण कई जरूरतमंद लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है और सरकारी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होते हैं।

प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि मामले में अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

# पक्षियों के लिए बांधे परिंडे



निसं

**चिड़ासन (नवयत्न)।** क्षेत्र के गांव लोयल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य के सानिध्य में एवं विद्यालय में स्काउट गाइड प्रभारी एवं स्काउटों, विद्यालय स्टाफ के सहयोग से पक्षियों के लिए 10 परिंडे बांधें। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुमन ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को परिंडों में पानी, नियमित दाना-पानी डालने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में पक्षियों के संरक्षण एवं गर्मी के मौसम में उनके लिए पानी उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय व्याख्याता ज्योति, धर्मवीर सिंह, शकुंतला, स्काउट आदि मौके उपस्थित रहे।

# ज्ञापन : छात्रावास हेतु भूमि आवंटन की मांग

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** गुर्जर समाज के विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में गुर्जर अधिकारी कर्मचारी कल्याण परिषद, झुंझुनू द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई। परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने श्री देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा से मुलाकात कर शहर में छात्रावास हेतु भूमि आवंटन की मांग का ज्ञापन सौंपा।

### शिक्षा के मार्ग में आवास की बाधा को दूर करने की अपील

परिषद के महासचिव नितिन धाभाई ने अध्यक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि जिले के दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिभावान छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए शहर आते हैं। उचित आवास व्यवस्था न होने के कारण इन विद्यार्थियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। समाज के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सर्वसुविधायुक्त छात्रावास का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। परिषद के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र खटाणा ने बताया समाज के सर्वांगीण विकास का एकमात्र मार्ग शिक्षा है। यदि हमारे युवाओं को सही वातावरण और संसाधन मिलेंगे, तभी वे राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान दे पाएंगे। एक आधुनिक छात्रावास इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रशासन और स्थानीय नेतृत्व से इस मांग पर संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई करने की अपील की है।

### अध्यक्ष ने दिया सकारात्मक आश्वासन

उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस नेक कार्य में हर संभव सहयोग करेंगे और भूमि आवंटन की प्रक्रिया को गति देने के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता करेंगे।

### प्रतिनिधिमंडल में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर परिषद के संरक्षक भोलाराम गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण और महेंद्र सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रबुद्ध शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अभिनेत्री रितु शिवपुरी ने लिया आध्यात्मिक अनुभव

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** ब्रह्माकुमारीज के सीकर रोड स्थित श्रीनिवास नगर 6 नंबर पीस पैलेस सेवाकेंद्र में आयोजित एक सप्ताहीय श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों लोग गीता के आध्यात्मिक रहस्यों से अवगत होकर मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ एडिशनल डीसीपी नॉर्थ रीजन बजरंग सिंह शेखावत, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश सोमानी, समाजसेवी रमेश शाह, ऑल बेस्ट चिल्ड्रन स्कूल के डायरेक्टर राम शर्मा, पीलीबंगा बीकानेर से पधारीं ब्रह्माकुमारी रानी बहन तथा पीस पैलेस सेवाकेंद्र संचालिका एवं कार्यक्रम आयोजक ब्रह्माकुमारी हेमलता बहन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर फिल्म अभिनेत्री रितु शिवपुरी भी पीस पैलेस सेवाकेंद्र पहुंचीं। उन्होंने आध्यात्मिक आर्ट गैलरी का अवलोकन किया और वहां के शांत एवं सकारात्मक वातावरण की सराहना की। कार्यक्रम के चौथे एवं पांचवें दिन मध्यप्रदेश से पधारी आदरणीय भारती दीदीजी ने गीता के गूढ़ रहस्यों को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि आज मानसिक तनाव बढ़ने का प्रमुख कारण यह है कि मोबाइल तो सबके हाथ में है लेकिन परिवार हाथ से निकलता जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य लोभ और भौतिक आकर्षण के कारण रिश्तों एवं मूल्यों से दूर होता जा रहा है, जिससे परिवारों में अशांति बढ़ रही है। दीदीजी ने लक्ष्मी और विष्णुजी के चित्रों का आध्यात्मिक अर्थ समझाते हुए कहा कि विष्णु का अर्थ है ऐसा व्यक्तित्व जिसमें विकारों रूपी विष का अंश भी न हो। उन्होंने बताया कि लक्ष्मीजी द्वारा विष्णुजी के चरण दबाने का भावार्थ यह है कि धन का स्थान जीवन में चरणों में होना चाहिए न कि दिल और दिमाग में। आज मनुष्य धन के पीछे मूल्यों और रिश्तों को भूलता जा रहा है, जिससे समाज में अशांति फैल रही है।

# पानी की पाइपलाइन लीकेज, मिट्टी व सड़क धंसने से बना गड्डा



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** शहर के तेली रोड स्थित गली नंबर 38 में पिछले एक महीने से पानी की पाइपलाइन लीकेज होने के कारण सड़क और मिट्टी धंस गई है। लगातार हुए पानी रिसाव से गली में बड़ा गड्ढा बन गया है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी हबीब बड़गुजर, इमरान कुरेशी, इजरान कुरैशी, मोहम्मद आरिफ छींपा और मोहम्मद हाजी लीलगर आदि ने बताया कि गली में तीन अलग-अलग स्थानों पर पाइपलाइन में लीकेज है। सप्लाई के दौरान बड़ी मात्रा में पानी घरों तक पहुंचने से पहले ही व्यर्थ बह जाता है। लगातार रिसाव के कारण सड़क के नीचे की मिट्टी धंस चुकी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। गड्ढे के कारण बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 48 प्रकरणों का हुआ निस्तारण

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिंह की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्य के रूप में अधिवक्ता पवन कुमार योगी का सहयोग रहा। न्यायाधीश अजय दीप सिंह ने बताया कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों में दांडिक शमनीय के 09 प्रकरणों, 138 एनआई एक्ट के 05 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 1354372 रूपये की वसूली हुई, वैवाहिक मामलों के 4 प्रकरणों, भरण पोषण के 6 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 120000 रूपये की वसूली हुई, सिविल व धन वसुली मामलों के 6 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, एमएसिटी के 9 प्रकरणों में कुल राशि 4445000 के पंचाट पारित किये गये। बैंक तथा बीएसएनएल के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में 09 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 803089 रूपये की वसूली हुई। इस प्रकार इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 48 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 6722461 रूपये की वसूली हुई। लोक अदालत के दौरान सुरेश कुमार चेजारा, धर्मेन्द्र कुमार, गोपीराम, विजयपाल पूनियां, मुकेश पूनियां, जयन्त यादव, धीरज कुमार, घनश्याम शर्मा, टीकुराम, मुकेश सैनी, कैलाश सिंह सहित अधिवक्ता एवं न्यायालय के कर्मचारी बैंक कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क आयुर्वेद, योग एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** यशोदा देवी रेवाचंद गुरनानी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सेवा भारती समिति, आदर्श नगर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क आयुर्वेद, योग एवं स्वास्थ्य चिकित्सा तथा नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। शिविर का आयोजन यशोदा देवी रेवाचंद गुरनानी सामुदायिक भवन, सेक्टर 19, जानकी देवी स्कूल के पीछे, प्रताप नगर जयपुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। ट्रस्ट के मोहन गुरनानी ने बताया कि प्रत्येक सोमवार से शनिवार प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक योग कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं। इस शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। इसमें डॉ अल्पना माथुर, डॉ सौम्या माथुर, डॉ केएल पोखरणा, डॉ मुकेश शर्मा, डॉ एसबी दवे एवं डॉ प्रमिला छाबड़ा अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में लिपिड प्रोफाइल, ब्लड शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, बीएमआई एवं फिजियोथेरेपी जैसी जांचें भी निःशुल्क की जाएगी। भवन के संजीव दास ने बताया कि इस सामुदायिक भवन में 26 वातानुकूलित कमरे, एक हॉल और गार्डन भी है, यहाँ सगाई, विवाह आदि समारोह आयोजित किए जा सकते हैं।

## एसएसबी में मनाया मातृ दिवस



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** एसएसबी इंग्लिश मीडियम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मातृदिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संगीता सोगन ने की तथा कार्यक्रम में रेखा वर्मा, मनोज मंडा, निदेशक भंवरलाल मील, एडमिनिस्ट्रेटर मदन लाल घूमरिया तथा प्रधानाचार्य एसपी वर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने माँ के सम्मान में भाषण, कविता तथा रंगा-रंग प्रस्तुतियाँ दी। एसएसबी स्कूल शिक्षा के साथ संस्कारों के लिए भी जाना जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मातृशक्ति का अभिवादन किया गया तथा बच्चों को माँ के प्रति आदर-सम्मान के हेतु प्रेरित किया गया। चयनिका जांगिड़ तथा अंकिता अग्रवाल ने माँ पर अपने विचार व्यक्त किया तथा वीणा बेगवानी ने गीत के माध्यम से माँ को वंदन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन योगेश सारस्वत तथा श्रेया किल्ला ने माँ पर मार्मिक पंक्तियों के माध्यम से किया।

## परिंडा अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया पक्षी संरक्षण का संदेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आदर्श विद्या मंदिर, राजा पार्क और भारत विकास परिषद, वैशाली नगर के संयुक्त तत्वावधान में परिंडा अभियान का आयोजन शनिवार सुबह सूरज मैदान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल एवं दाना उपलब्ध कराने के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना रहा। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न स्थानों पर 100 से अधिक परिंडे लगाए तथा पक्षियों के संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सभी से अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने की अपील भी की। प्रिंसिपल सुनयना नागपाल ने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा ऐसे अभियान बच्चों में सेवा, संवेदनशीलता और प्रकृति प्रेम की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जीवों के प्रति दया भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने अभियान को सफल बनाने हेतु सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुष्कर उपाध्याय, राजेंद्र गुप्ता, वंदना मेहरोत्रा, तुलसी संगतानी आदि उपस्थित थे। इसके बाद मदर्स डे के अवसर पर स्कूल में विशेष मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा के जरिए हुआ प्रकरणों का निस्तारण

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा राज. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सोनिका पुरोहित के निर्देशन में शनिवार को चूरू न्यायक्षेत्र में चूरू मुख्यालय न्यायालयों एवं जिला वैकल्पिक विवाद निस्तारण केन्द्र में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। चूरू न्यायक्षेत्र में कुल 11 बैंचों का गठन किया गया है, जिसमें से चूरू मुख्यालय के लिए तीन बैंचों की अध्यक्षता अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश राजेन्द्र चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार को नियुक्त किया गया है तथा सदस्य अधिवक्ता के रूप में विवेक प्रिय सोनी, प्रकाश वर्मा व योगेश सहारण को नियुक्त किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार ने बताया कि लोक अदालत में पक्षकारों के प्रकरणों के निस्तारण से भाईचारे की भावना का विकास होता है तथा पक्षकारों के समय और धन की बचत होती है। लोक अदालत में प्रकरण के निस्तारण से किसी भी पक्षकार की हार नहीं होती है। सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों का जरिये राजीनामा निस्तारण पर सभी पक्षकारों को बधाई दी। लोक अदालत में पक्षकारों द्वारा अपने-अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों को लेकर काफी उत्साह रहा तथा अधिक से अधिक प्रकरणों में जरिये राजीनामा निस्तारण के प्रयास किये गये। इसी के साथ जो पक्षकार इस लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निस्तारण नहीं करवा पाए उन्हें आगामी लोक अदालत में अपने प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रयास किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। सचिव डॉ व्यास ने उपस्थित सभी पक्षकारों, अधिवक्तागण, बैंक अधिकारियों, बीएसएनएल अधिकारियों, मेडिकल बोर्ड राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व मामलों का भारी संख्या में निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिवक्तागण सुमेरसिंह, योगेश सहारण, संतलाल सहारण, विवेक प्रिय सोनी, प्रियंका, मेघना राकांवत, प्रकाश वर्मा आदि उपस्थित रहे। इसी के साथ विभिन्न बैंकों बैंक ऑफ बड़ौदा, कैनरा बैंक, बैंक ऑफइंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई, राजस्थान ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक, एसके फाइनेंस चूरू के प्रतिनिधिगण द्वारा पक्षकारों के प्रकरणों में निस्तारण के प्रभावी प्रयास किए गए। एमएसीटी के प्रकरणों में मेडिकल बोर्ड द्वारा विकलांगता प्रमाण-पत्र जारी किए गए। इसी अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न गतिविधियों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में चूरू जिले में कुल 52340 प्रकरणों को (न्यायालयों में लंबित प्रकरण, प्रि-लिटिगेशन, स्थाई लोक अदालत, राजस्व मामले एवं उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग) रैफर किया गया, जिनमें चूरू न्यायक्षेत्र में कुल 44965 प्रकरणों का निस्तारण कर 103921127 रुपये का अवार्ड जरिये राजीनामा किया गया। चूरू मुख्यालय पर 567 लंबित एवं 12 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण कर कुल 907556 रुपये का अवार्ड जारी किया गया।

## स्वर्णकार समाज के विद्यार्थियों का जयपुर में होगा सम्मान

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** स्वर्णकार सेवादल के तत्वावधान में समाज के मेधावियों का राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह 28 जून को बिड़ला ऑडिटोरियम जयपुर में होगा। स्वर्णकार सेवादल की प्रदेश महामंत्री डिम्पल सोनी व झुंझुनू जिला अध्यक्ष शान्ति कुमार कड़ेल ने बताया कि एसएसडी द्वारा आयोजित यह चतुर्थ सम्मान समारोह में सोनी समाज के कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले देशभर के छात्र-छात्राओं का शिक्षा रत्न से सम्मान किया जाएगा जिसके लिए 15 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। विद्यार्थियों को आवेदन गूगल फॉर्म में भरकर भेजने होंगे। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आयोजन की पूर्ण रूपरेखा स्वर्णकार सेवा दल राजस्थान की कार्यकारणी के दिशा निर्देश अनुसार होगी।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए सहारा बना परिंडा अभियान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सर्व समाज सेवा समिति, इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा द्वारा चलाया जा रहा पक्षी परिंडा अभियान-2026 निरंतर जारी है। समिति के सदस्यों ने सेक्टर 9, सेक्टर 5 और सेक्टर 6 के बाद अब सेक्टर 4 एवं सेक्टर 10 में अभियान चलाकर बड़े स्तर पर परिंडे और पक्षियों के लिए आवास स्थापित किए। समिति से जुड़े डॉ अशोक दुबे ने बताया कि परिंडा अभियान गर्मी के दौरान पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करने का सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय प्रयास है। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है बल्कि लोगों में जीव-दया और संवेदनशीलता की भावना भी जागृत करता है। अभियान के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, इंदिरा गांधी नगर सेक्टर-4 तथा 220 केवी जीएसएस इंदिरा गांधी नगर पावर हाउस, राजस्थान राज्य विद्युत वितरण निगम सेक्टर-10 में व्यापक स्तर पर परिंडे लगाए गए। साथ ही पक्षियों के लिए आवासीय घर भी स्थापित किए गए तथा दाना-पानी की समुचित व्यवस्था की गई। इस दौरान निःशुल्क चिड़ियाघर भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ इन्द्रजीत, नर्सिंग ऑफिसर वीना शर्मा, विनोद कुमार तथा 220 केवी जीएसएस इंदिरा गांधी पावर हाउस से एक्सईएन इंद्रपाल मीणा, एईएन राजकुमार सहित तकनीकी स्टाफ के गगन कुमार शर्मा, गोविंद मीणा, अशोक सैनी और मलके राम गार्ड का विशेष सहयोग रहा।



## मां हर कठिनाई का समाधान होती है : डॉ विजयश्री

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** महाप्रज्ञ प्रोग्रेसिव स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में शेड्स ऑफ मदरहुड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से ग्रेड पाँच तक के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ के प्रसिद्ध आर्टिस्ट राजेश चन्द्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान टाई एंड डाई एक्टिविटी में माताओं और बच्चों ने मिलकर सफेद टी शर्ट्स पर रंगों के माध्यम से आकर्षक कलाकृतियाँ तैयार कीं। रंगों के सुंदर मेल ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। किंत्सुगी एक्सपीरियंस गतिविधि के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रेम, धैर्य और अपनापन हर टूटन को सुंदरता में बदल सकता है । वहीं फेस पेंटिंग गतिविधि बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा विशेष रूमाल पेंटिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए रंग बिरंगे एवं आकर्षक डिजाइनों से रूमालों को सजाया। कार्यक्रम में सभी माताओं के लिए विशेष ओपन माइक सेशन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान माताओं ने अपने अनुभव, भावनाएँ और विचार साझा किए। कई माताएँ अपने बच्चों के प्रति प्रेम और मातृत्व से जुड़े अनुभव साझा करते हुए भावुक भी हो गईं। इस अवसर पर डॉ विजयश्री शर्मा ने कहा कि माँ शब्द प्रेम, सम्मान और हर कठिनाई का समाधान है। माँ का स्नेह बच्चे के जीवन की सबसे बड़ी शक्ति होता है। प्रिंसिपल रचना बालानी ने बताया कि माँ बच्चे के जीवन में प्रेम, त्याग, धैर्य और शक्ति का सबसे सुंदर रूप होती है। शेड्स ऑफ मदरहुड कार्यक्रम का उद्देश्य इन्हीं भावनाओं को उत्सव के रूप में अभिव्यक्त करना था ताकि माताएँ अपने बच्चों के साथ यादगार क्षण बिता सकें।

## राष्ट्रीय एकीकरण को मजबूत करने निकले छात्रों को सेना ने दिखाई हरी झंडी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आर्मी पब्लिक स्कूल जयपुर के 13 युवा एवं उत्साही छात्र 10 मई से 16 मई 2026 तक जम्मू एवं कश्मीर के अग्रिम क्षेत्रों के लिए रिवर्स नेशनल इंटीग्रेशन टूर पर रवाना हो रहे हैं। यह भ्रमण मुख्यालय दक्षिण पश्चिमी कमान के तत्वावधान में तथा उत्तरी कमान की ऐस ऑफ स्पेड्स डिवीजन के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है। इस पहल की परिकल्पना लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमान के मार्गदर्शन में की गई है, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, राष्ट्र गौरव एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना है। जन संपर्क अधिकारी रक्षा राजस्थान ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार इस दल को एमजी एओसी, सप्त शक्ति कमान द्वारा आर्मी पब्लिक स्कूल, जयपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विद्यार्थियों से संवाद के दौरान जनरल अधिकारी ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए प्रेरित किया कि वे जम्मू एवं कश्मीर की संस्कृति, परंपराओं तथा वहाँ के लोगों के अदम्य साहस एवं जज़्बे को निकट से समझकर बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करें। यह भ्रमण भारतीय सेना की एक समर्पित टीम के साथ संचालित किया जा रहा है, जो युवाओं के साथ निरंतर संवाद, राष्ट्रीय एकीकरण तथा भावी पीढ़ियों में एकता में विविधता की भावना को प्रोत्साहित करने के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## घरेलू कलह से आहत युवक ने खाया जहर



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** क्षेत्र के कानूता गांव में घरेलू कलह से परेशान एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कानूता निवासी बाबू पुत्र रमेश मिरासी ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर खा लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। घटना के बाद युवक की माता सरोज उसे तुरंत लाडनूं के राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचीं, जहां डॉ जयसिंह जाट ने प्राथमिक उपचार किया। युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के लिए रैफर कर दिया है। घटना की सूचना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** भादर जी कुआं के पास स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शनिवार को उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रभारी डॉ सोनू माली से अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा मौजूद कमियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रामकुमार वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में अच्छी ओपीडी रहती है।

इसके बावजूद यहां के डॉक्टर और चिकित्सा टीम मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का लगातार प्रयास कर रही है, जो सराहनीय है। अस्पताल प्रभारी डॉ सोनू माली ने एसडीएम को अवगत करवाया कि अस्पताल में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। साथ ही लेटबाथ की व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इन व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए तो मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा अस्पताल में अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता भी बताई गई। डॉ माली ने कहा कि मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण दो अतिरिक्त नर्सिंग ऑफिसर लगाए जाने जरूरी हैं। वहीं फार्मा असिस्टेंट और डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद भी खाली होने से कार्य प्रभावित हो रहा है। इन पदों पर नियुक्ति होने से मरीजों को और बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकेंगी। इस पर एसडीएम रामकुमार वर्मा ने आश्वासन दिया कि अस्पताल की सभी समस्याओं से चिकित्सा विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाकर जल्द समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग अधिकारी तारा देवी, सविता, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता आरती, ममता, ललिता, कमल कुमार, दशरथ, कृष्ण कुमार, आरिफ, रोहित सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## अजय-अतुल के फूल पारिजात गाने में दिखा शिवाजी महाराज और सईबाई के रिश्ते का सच्चा और भावुक रंग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म राजा शिवाजी महाराष्ट्र दिवस पर रिलीज होने के बाद से लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और इसी बीच मेकर्स ने फिल्म का बेहद खूबसूरत और भावुक गीत फूल पारिजात रिलीज किया है। इस गाने के जरिए छत्रपति शिवाजी महाराज का एक ऐसा रूप देखने को मिलता है जो उन्हें सिर्फ एक महान योद्धा राजा नहीं बल्कि एक प्यार करने वाले और समझदार जीवनसाथी के रूप में भी सामने लाता है। गाना सईबाई की नजरों से उनके रिश्ते की मासूमियत, अपनापन और गहरे प्रेम को बेहद खूबसूरती से दिखाता है। भारत की सबसे पसंदीदा गायिकाओं में से एक श्रेया घोषाल की आवाज में सजा फूल पारिजात अब अपने वीडियो ट्रैक के साथ रिलीज हो चुका है। गाने में प्रेम को बहुत ही सादगी और भावनात्मक तरीके से दिखाया गया है। इसमें दिखाया गया रिश्ता सिर्फ प्यार तक सीमित नहीं बल्कि विश्वास, समर्पण और आत्मिक जुड़ाव का एहसास भी देता है। अजय-अतुल द्वारा कंपोज किए गए इस गीत में पारिजात के फूल का इस्तेमाल एक खास प्रतीक के रूप में किया गया है। जैसे किसी की जिंदगी में कोई अनमोल और दिव्य तोहफा आए, वैसे ही सईबाई की दुनिया में छत्रपति शिवाजी महाराज का होना दिखाया गया है। गाने की सबसे खास बात इसकी सादगी और भावनाओं की गहराई है, जो सीधे दिल तक पहुंचती है। हिंदवी स्वराज्य की गूंज अब पहले से कहीं ज्यादा बुलंद हो चुकी है। राजा शिवाजी इस साल भारतीय पिुल्मों में चौथी सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बनकर उभरी है और मराठी सिनेमा में भी एक बड़ी और प्रभावशाली रिलीज़ साबित हुई है।

जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा बड़े स्तर पर रिलीज की गई इस फिल्म ने परिवारों को फिर से सिनेमाघरों तक खींच लाया है। जियो स्टूडियोज़ प्रस्तुत और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा निर्मित राजा शिवाजी को ज्योति देशपांडे और जिनिलीया देशमुख ने प्रोड्यूस किया है।

# मदर्स डे पर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मदर्स डे के उपलक्ष्य में मणिपाल हॉस्पिटल एवं संस्कृति सोशल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माँ के मन की बात थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। मणिपाल हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ आरती महला तथा रेडिएशन ऑनकोलॉजिस्ट डॉ अभिलाषा मान ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकांश महिलाएं परिवार और घर की जिम्मेदारियों में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करने लगती हैं, जिसका असर भविष्य में गंभीर बीमारियों के रूप में सामने आ सकता है। विशेषज्ञों ने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने, संतुलित आहार लेने और किसी भी स्वास्थ्य समस्या होने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ माँ ही स्वस्थ परिवार की आधारशिला होती है, इसलिए महिलाओं को अपनी दिनचर्या में स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी समय निकालना चाहिए। इस अवसर पर मणिपाल हॉस्पिटल के डायरेक्टर रंजन ठाकुर ने कहा कि माँ परिवार की रीढ़ होती है और उनका स्वस्थ रहना पूरे परिवार की खुशहाली के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को बेहतर जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने विशेषज्ञों से संवाद कर स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

## सम्पादकीय

# विपक्षी गठबंधन में दरार



तमिलनाडु में अभिनेता जोसेफ विजय की नई बनी पार्टी टीवीके के सबसे बड़े दल के रूप में उभरते ही कांग्रेस ने जिस तरह उसके साथ जाने के संकेत दिए और फिर बिना किसी संकोच ऐसा ही किया, उससे डीएमके का क्रुद्ध होना स्वाभाविक है। डीएमके नेताओं ने कांग्रेस के छिटकने को केवल धोखेबाजी ही नहीं बताया, बल्कि यह भी फैसला किया कि अब संसद में उसके सांसद कांग्रेस सांसदों के साथ नहीं बैठेंगे। यह आईएनडीआईए से नाता तोड़ने की घोषणा ही है। कांग्रेस की तरह डीएमके संग मिलकर चुनाव लड़ने वाली माकपा, भाकपा और वीसीके नामक दल ने भी जिस प्रकार विजय के साथ जाना पसंद किया, वह अवसरवाद के अलावा और कुछ नहीं। चूंकि अब माकपा और भाकपा की कोई खास राजनीतिक अहमियत नहीं, इसलिए उनके डीएमके से अलग होने का कोई अधिक महत्व नहीं, लेकिन कांग्रेस का अलगाव विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को और अधिक कमजोर करने वाला है। यह एक तथ्य है कि आईएनडीआईए से छिटकने वाले दलों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। पहले जदयू अलग हुआ, फिर आम आदमी पार्टी। अब एक तरह से कांग्रेस ही उससे किनारा कर रही है। कांग्रेस नेताओं का तर्क है कि वे चुनाव से पहले ही टीवीके के साथ जाने पर विचार रहे थे, लेकिन यह कथित विचार उन्हें चुनाव बाद गठबंधन तोड़ने का लाइसेंस नहीं देता। आखिर राजनीतिक नैतिकता और गठबंधन धर्म नाम की कोई चीज है या नहीं? आने वाले समय में आईएनडीआईए के बिखरने की आशंका इसलिए और बढ़ गई है, क्योंकि अन्य राज्यों में कांग्रेस की घटक दलों से खटपट होती रहती है, जैसे महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना से। यह भी ध्यान रहे कि हाल के विधानसभा चुनावों में बंगाल और केरलम में इस गठबंधन के घटक आमने-सामने ही थे। इस नतीजे पर पहुंचने के पर्याप्त कारण हैं कि कांग्रेस को उसी गठबंधन के भविष्य की परवाह नहीं, जिसका नेतृत्व वह अपने हाथ रखना चाहती है। पहले भी इस गठबंधन का भविष्य बहुत उवल नहीं दिख रहा था, पर अब तो वह और स्याह दिखने लगा है। डीएमके संग चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस सत्ता की मलाई खाने जिस तरह एक झटके में टीवीके के साथ चली गई, उससे यही साफ हुआ कि वह अपने स्वार्थ के लिए किसी का भी साथ छोड़ सकती है। तमिलनाडु में कांग्रेस और डीएमके का साथ दो दशक से भी अधिक पुराना था, लेकिन उसने अपने स्वार्थ के लिए इस लंबे साथ को कोई अहमियत नहीं दी। अब इसके भरे-पूरे आसार हैं कि इस गठबंधन के अन्य घटक भी मौका देखते ही कांग्रेस से अलग होने में देर नहीं करेंगे। इसकी अनदेखी न की जाए कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस के पलटी मारने पर यह कहकर उस पर तंज ही कसा है कि हम वे नहीं, जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें।

## विशेष आलेख

# भारत और मोदी के बारे में वाशिंगटन पोस्ट की धारणा बदली

## पीएम को मानव इतिहास में सबसे अधिक जनसमर्थन वाला नेता बताया



अमेरिका का प्रमुख समाचार-पत्र वाशिंगटन पोस्ट वैसे तो अक्सर भारत विरोधी लेख ही प्रकाशित करता है लेकिन अब उसने एक दुर्लभ उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भारत के बारे में सकारात्मक लेख प्रकाशित किया है। इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण ने भारत की राजनीति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की लगातार बढ़ती ताकत को लेकर दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर खींचा है। लंबे समय से पश्चिमी उदारवादी विचारधारा से जुड़े विश्लेषकों और भारत के विपक्षी दलों का मानना रहा कि भारत जैसी अत्यंत विविधतापूर्ण लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी मजबूत नेतृत्व वाली राजनीति की सीमाएं होंगी और अंतत: ऐसी राजनीति का प्रभाव कमजोर पड़ जाएगा। लेकिन हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों ने इस धारणा को गहरी चुनौती दी है।

विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सफलता को इस विश्लेषण में ऐतिहासिक मोड़ के रूप में देखा गया है। पश्चिम बंगाल लंबे समय से क्षेत्रीय पहचान, सांस्कृतिक विशिष्टता और मजबूत स्थानीय राजनीतिक परंपराओं वाला राज्य माना जाता रहा है। यहां की राजनीति पर लंबे समय तक क्षेत्रीय दलों का प्रभाव रहा और माना जाता था कि उत्तर भारत केंद्रित तथा हिंदी भाषी छवि वाली भारतीय जनता पार्टी के लिए यहां गहरी पैठ बनाना आसान नहीं होगा। लेकिन हालिया चुनावी परिणामों ने इस सोच को बदल दिया।

विश्लेषण में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल की नेता ममता बनर्जी और उनकी पार्टी को लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी के विस्तार के सामने मजबूत दीवार माना जाता था। यह धारणा भी मजबूत थी कि भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता किसी एक राजनीतिक दल को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वस्वीकार्य बनने से रोकेगी। किंतु पश्चिम बंगाल में मिली सफलता ने यह संकेत दिया कि भारतीय जनता पार्टी अब उन क्षेत्रीय और सांस्कृतिक बाधाओं को भी पार कर रही है जिन्हें कभी उसके विस्तार की सीमा माना जाता था।

लेख में भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार को भी असाधारण बताया गया है। पार्टी की सदस्य संख्या को दुनिया में किसी भी राजनीतिक दल से अधिक बताया गया है। विश्लेषण के अनुसार पार्टी के लगभग चौदह करोड़ सदस्य हैं, जो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से भी अधिक हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मानव इतिहास में सबसे अधिक जनसमर्थन पाने वाले नेताओं में गिना गया है। विभिन्न वैश्विक सर्वेक्षणों में भी उनकी लोकप्रियता लंबे समय से शीर्ष पर बनी हुई है।

देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहचान अब केवल भारत के लोकप्रिय नेता तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वह वैश्विक राजनीति में भी एक प्रभावशाली और निर्णायक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे हैं। दुनिया के अनेक देशों में भारत की बढ़ती साख के पीछे मोदी की सक्रिय कूटनीति, मजबूत निर्णय क्षमता और वैश्विक मंचों पर भारत की स्पष्ट उपस्थिति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खास बात यह है कि ऐसे समय में जब दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई बड़े वैश्विक नेताओं की लोकप्रियता में गिरावट दर्ज की जा रही है, वहीं प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता लगातार मजबूत होती दिखाई दे रही है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों और जनमत अध्ययनों में मोदी लंबे समय से दुनिया के सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेताओं में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि भारत का नेतृत्व अब केवल घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन और अंतरराष्ट्रीय विमर्श में भी उसकी निर्णायक भूमिका लगातार मजबूत हो रही है।

हम आपको यह भी बता दें कि वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित लेख में आलोचनाओं का भी विस्तार से उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद विश्लेषण का निष्कर्ष यह है कि केवल चुनावी प्रबंधन या संस्थागत प्रभाव के आधार पर भारतीय जनता पार्टी की सफलता को नहीं समझा जा सकता। पार्टी ने कुछ दशकों के भीतर सीमित प्रभाव वाले संगठन से देश के 21 राज्यों में सत्ता तक का सफर तय किया है। इसके विपरीत स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस पार्टी अब कुछ गिने चुने राज्यों तक सीमित होती दिखाई दे रही है।

लेख में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच संगठनात्मक अंतर को भी प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। कांग्रेस को जहां स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत और अभिजात वर्ग का समर्थन मिला, वहीं भारतीय जनता पार्टी ने जमीनी स्तर पर लंबे संगठनात्मक संघर्ष के माध्यम से अपनी स्थिति मजबूत की। पार्टी ने जाति, भाषा, क्षेत्र और धार्मिक परंपराओं से परे व्यापक सामाजिक गठबंधन तैयार किया।

इस पूरे विस्तार के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया गया है। सौ वर्ष पुराने इस संगठन ने लाखों कार्यकर्ताओं और अनेक सामाजिक संगठनों के माध्यम से व्यापक वैचारिक ढांचा तैयार किया। विश्लेषण में कहा गया है कि श्रमिक संगठन, निजी विद्यालय नेटवर्क, छात्र संगठन और धार्मिक नेतृत्व से जुड़े अनेक मंचों के जरिये यह विचारधारा समाज के विभिन्न हिस्सों तक पहुंची। इसी मजबूत सामाजिक नेटवर्क, रणनीतिक गठबंधनों और संगठनात्मक अनुशासन ने भारतीय जनता पार्टी के उभार की मजबूत नींव तैयार की। अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी भारत की बढ़ती शक्ति को इस राजनीतिक विस्तार से जोड़ा गया है। लेख में भारत को दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति और तेजी से उभरती आर्थिक ताकत बताया गया है। साथ ही यह भी कहा गया कि एशिया में चीन के प्रभाव का संतुलन बनाने की क्षमता यदि किसी देश में है तो वह भारत है। ऐसे समय में भारतीय जनता पार्टी का लगातार विस्तार यह संकेत देता है कि आने वाले दशकों में भारत की दिशा और एशिया की शक्ति संरचना पर इस राजनीतिक विचारधारा का गहरा प्रभाव रह सकता है।

विश्लेषण का अंतिम निष्कर्ष यही है कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आलोचक जिस राजनीतिक गिरावट की लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे हैं, वह फिलहाल दिखाई नहीं देती। इसके उलट वर्तमान राजनीतिक संकेत यह बताते हैं कि आने वाले वर्षों में भारत की राजनीति, उसकी वैश्विक भूमिका और एशिया का सामरिक संतुलन काफी हद तक इसी नेतृत्व और इसी राजनीतिक धारा के प्रभाव में आकार ले सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष

नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृष

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### मिथुन

भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### कर्क

दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### सिंह

किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### कन्या

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### तुला

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक

यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### धनु

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### मकर

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### कुंभ

स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मीन

घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# अनार खाने से महिलाओं को मिलते हैं यह फायदे



अनार सेहत के लिए बहुत होते हैं। अनार एक सुपर हेल्दी फ्रूट है, जिसका सेवन करके बीमारियों से बचा जा सकता है। अनार पर हुई रिसर्च में ये बात सामने आ चुकी है इसमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिन के,सी, और बी, आयरन, पोटेशियम, जिंक और ओमेगा-6 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व सेहत, स्किन और बालों के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं।

खासकर जब बात महिलाओं की आती है तो उनके स्वास्थ्य के लिए रामबाण औषधि मानी जाती है। पीरियड्स प्रॉब्लम से लेकर प्रेगनेंसी के दौरान गर्भ में पलने वाले बच्चे को स्वस्थ बनाने के लिए महिलाओं को अनार का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

**प्रजनन क्षमता को बढ़ाता है अनार :** अनार एक ऐसा फल है जो महिलाओं में होने वाले प्रजनन विकार को ठीक करने में मदद करता है। अनार पर हुए शोध में ये बात सामने आई है कि यह ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करके प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस अंडाणु को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे प्रजनन क्षमता कमजोर हो जाती है।

**यौन क्षमता को सुधारता है अनार :** उम्र ढलने के बाद यौन क्षमता कम होना बहुत ही आम बात है। खासकर महिलाओं में 40 के बाद ये समस्या ज्यादा देखी जाती है। अनार का सेवन करके यौन क्षमता को सुधारने में मदद मिलती है। महिलाएं अगर अनार या अनार के जूस का सेवन करें तो इससे उनके शरीर में टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाने में मदद मिलती है। शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर सही होने से यौन क्षमता सुधारने में मदद मिलती है।

**स्किन को बनाता है ग्लोइंग :** अनार के पोषक तत्व स्किन को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं। स्किन हाइड्रेट रहने से खुजली, दाग-धब्बे और ड्राइनेस से बचाव करने में मदद मिलती है। नियमित तौर पर अनार का सेवन करने से त्वचा में कोलेजन के स्तर को बनाए रखने में मदद मिलती है और चेहरे को लंबे समय तक हेल्दी रखने में मदद मिलती है।


**पाचन क्रिया को सुधारने में करता है मदद :** लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह से आजकल महिलाओं में पाचन संबंधी समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। पाचन क्रिया को सुधारने में भी अनार काफी फायदेमंद साबित होता है। नियमित तौर पर अनार का सेवन करने से कब्ज, पेट में दर्द से राहत पाई जा सकती है।

**बालों को बनाता है घना और मजबूत :** अनार बालों को घना और मजबूत बनाने में भी मदद करता है। एनसीबीआई की एक रिसर्च में ये बात सामने आई है कि सप्ताह में 3 से 4 बार अनार का सेवन करने से स्कैल्प हेल्दी होते हैं और बालों का झड़ना, गिरना कम होता है।

# छाछ के साथ करें गुड़ का सेवन शरीर को मिलेंगे जबरदस्त फायदे

गर्मी के मौसम में लू से बचने और शरीर को ठंडक देने के लिए छाछ का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। छाछ में मौजूद गुण पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। छाछ में कई ऐसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं जो शरीर को एनर्जी देने और पोषण देने का काम करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि छाछ के साथ गुड़ का सेवन करने से आपको दोगुने फायदे मिलते हैं। गुड़ में मौजूद पोषक तत्व सेहत के लिए बहुत जरूरी होते हैं। गुड़ में शरीर के लिए उपयोगी पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा होती है। गर्मियों के मौसम में छाछ के साथ गुड़ खाने से आपको कई बीमारियों में भी फायदा मिलता है।

**सर्दी-जुकाम में फायदेमंद :** सर्दी-जुकाम की समस्या में छाछ के साथ गुड़ का सेवन करने से बहुत फायदा मिलता है। छाछ और गुड़ में मौजूद पोषक तत्व और गुण इन्फेक्शन कम करने और सर्दी-जुकाम से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होते हैं। गुड़ में मिनरल्स, कैल्शियम, सेलेनियम, मैंगनीज, कॉपर जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं।



**खून की कमी दूर करे :** शरीर में हीमोग्लोबिन या खून की कमी होने पर छाछ में गुड़ डालकर खाने से बहुत फायदा मिलता है। गुड़ में मिनरल्स और आयरन आदि की पर्याप्त मात्रा होती है, इसका सेवन करने से शरीर में खून की कमी दूर करने में बहुत फायदा मिलता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और पाचन से जुडी समस्याओं को कम करने के लिए छाछ और गुड़ का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। गुड़ का सेवन लोग पुराने समय से ही खाना खाने के बाद पाचन ठीक करने के लिए करते आ रहे हैं।

**एसिडिटी में फायदेमंद :** एसिडिटी या पेट में गैस बनने की समस्या में भी छाछ और गुड़ का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। छाछ में मौजूद गुण पेट में एसिड कंट्रोल करने का काम करते हैं। गुड़ मिलाकर छाछ का सेवन करने से आपको एसिडिटी की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

# चेहरे पर मुंहासे होने पर लगाएं ये होममेड फेस पैक, दूर होगी समस्या

खानपान के कारण आजकल मुंहासों की समस्या बहुत आम हो गई है। मुंहासे किसी भी उम्र के लोगों को परेशान कर सकते हैं। मुंहासों की समस्या ऑयली स्किन वालों को ज्यादा परेशान करती है। बहुत से लोग सोचते हैं कि ज्यादा तला-भुना खाने से ये समस्या होती है। असल मायनों में मुंहासों की समस्या स्किन पर तेल ज्यादा बनना के कारण होती है। मुंहासे चेहरे की खूबसूरती में दाग लगाने का काम करते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए लोग कई तरह की क्रीम और ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि बाजार में मिलने वाली ये चीजें कुछ ही वक्त तक राहत दिलाती हैं।



### कच्ची हल्दी और शहद फेस पैक

- मुंहासों की समस्या से राहत दिलाने के लिए कच्ची हल्दी और शहद का फेस पैक बहुत फायदेमंद माना जाता है।
- इस फेस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में 1 टुकड़ा कच्ची हल्दी का लें, इसमें 1 चम्मच शहद मिलाएं।
- अब दोनों चीजों को ग्राइंड कर लें। पेस्ट अगर ज्यादा गाढ़ा लगता है तो इसमें थोड़ा सा गुलाब जल डालें।
- चेहरे को पानी से क्लीन करने के बाद कच्ची हल्दी और शहद का फेस पैक लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें।
- जब फेस पैक सूख जाए तो चेहरे को पानी से क्लीन करें और मॉइश्चराइजर लगाएं। आप सप्ताह में 2 बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### टमाटर और शहद का फेस पैक

- इस फेस पैक को बनाने के लिए कटोरी में एक टमाटर का गूदा निकाल लें।
- टमाटर के गूदे में 1 चम्मच शहद को मिलाकर एक स्मूथ पेस्ट तैयार करें।
- चेहरे को पानी से धोने के बाद टमाटर और शहद का फेस पैक लगाकर 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ दें।
- फेस पैक के सूखने के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धोएं।
- टमाटर और शहद के फेस पैक का इस्तेमाल करने के बाद कम से कम 12 घंटे तक धूप और धूल-मिट्टी के संपर्क में आने से बचें।

### एप्पल साइडर विनेगर और ग्रीन टी फेस पैक

- इस फेस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में 2 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर लें।
- एप्पल साइडर विनेगर में 2 चम्मच शहद और 2 से 3 चम्मच ग्रीन टी डालकर पेस्ट बनाएं।
- आपका ग्रीन टी और एप्पल साइडर विनेगर का फेस पैक तैयार हो चुका है। अब चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करें।
- चेहरे पर ग्रीन टी और एप्पल साइडर विनेगर फेस पैक 10 मिनट तक लगा रहने दें।
- फेस पैक सूख जाए तो चेहरे को पानी से धो लें। आप सप्ताह में 1 से 3 बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कॉफी और ग्लिसरीन का फेस पैक

- एक कटोरी में 2 चम्मच कॉफी पाउडर निकाल लें और इसमें 1 चम्मच ग्लिसरीन डालकर पेस्ट बनाएं।
- जब ग्लिसरीन और कॉफी का पेस्ट अच्छी तरह से तैयार हो जाए तो इसमें 1 से 2 बूंद बादाम तेल की मिलाएं।
- अब चेहरे को क्लींजर और टोनर से क्लीन करने के बाद तैयार किए गए फेस पैक को लगाएं।
- थोड़ी देर फेस पैक लगाने के बाद चेहरे को नॉर्मल पानी और फेस वॉश से धो लें।
- मुंहासों से राहत पाने के लिए आप सप्ताह में 4 से 5 बार ग्लिसरीन और कॉफी के फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# राजलदेसर को मिला पहला शिशु रोग विशेषज्ञ



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजकीय चिकित्सालय में लंबे समय से रिक्त चल रहे शिशु रोग विशेषज्ञ के पद पर आखिरकार नियुक्ति हो गई है। शनिवार को शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ दीपक महला ने राजकीय चिकित्सालय में पदभार ग्रहण किया। राजलदेसर में पहली बार शिशु रोग विशेषज्ञ के पद पर चिकित्सक की नियुक्ति होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण नवजात शिशुओं एवं बच्चों के उपचार के लिए लोगों को दूसरे शहरों की ओर रुख करना पड़ता था। लोगों की मांग और आवश्यकता को देखते हुए चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह ने डॉ दीपक महला की नियुक्ति राजलदेसर चिकित्सालय में की। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ दीपक महला ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राजलदेसर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नवजात शिशुओं और बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना उनका पहला उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में नियमित रूप से सेवाएं देकर मरीजों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष शिव भगवान सोनी ने डॉ दीपक महला का दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर मदन दाधीच, विनोद भाटिया, रामोतार पांडे भी मौजूद रहे ।

## निर्वाचक नामावलियों का हुआ अंतिम प्रकाशन

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में नगरीय निकायों के आगामी आम चुनाव-2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन शुक्रवार 08 मई को किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले की सरदारशहर नगरपरिषद एवं राजगढ़, तारानगर, रतननगर, छापर व राजलदेसर नगरपालिका की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम द्वारा 8 मई को किया गया।

# जलभराव की चुनौती को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरू



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** हमारा शहर हमारी जिम्मेदारी के तहत शहर की सबसे बड़ी चुनौती जलभराव सिवरेज को लेकर शनिवार से हस्ताक्षर अभियान लाडनूं बस स्टैंड पर शुरू किया गया है। सुजानगढ़ के पूर्व चेयरमैन बीपी शर्मा, राजकुमार दायमा, पन्नालाल सोनी, गोपाल गोदारा, विजयपाल श्योराण, विक्की परावा, सुरेन्द्र नामदेव, बिहारी, गोपाल सामरिया, बजरंग लाल, मनोज सोनी आदि ने हस्ताक्षर किए।

# प्रिंस के 213 विद्यार्थियों का एनडीए लिखित परीक्षा में चयन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** हाल ही में घोषित एनडीए यूपीएससी लिखित परीक्षा अप्रैल 2026 में सीकर स्थित प्रिंस एनडीए एकेडमी व प्रिंस सैनिक स्कूल के 213 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस बड़ी सफलता पर प्रिंस एनडीए एकेडमी व प्रिंस सैनिक स्कूल में जश्न का माहौल रहा। निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर बीबी जानू, ब्रिगेडियर एचएस पिलखवाल, कोमोडोर मंजीत सिंह, एसएसबी एक्सपर्ट ब्रिगेडियर मंगेज सिंह, कोमोडोर चंद्रशेखर आजाद, कर्नल जीएस बैदवान, कर्नल डीएस चीमा, कर्नल एचएस ग्रेवाल, कर्नल प्रमोद बडसरा, कर्नल मुक्तेश्वर प्रसाद, कर्नल कुरियन जैकब, एकेडमिक हेड पवन कुमावत, प्रबंधन सदस्य निरुपम सुण्डा आदि ने चयनित विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाइयां दी। अप्रैल 2026 में घोषित एनडीए 156 एसएसबी फाइनल मेरिट लिस्ट में प्रिंस एनडीए एकेडमी व प्रिंस सैनिक स्कूल के 30 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिनमें से 12 विद्यार्थियो ने ऑल इंडिया टॉप-100 में रैंक हासिल की है। विगत एक वर्ष में प्रिंस एनडीए एकेडमी के 60 कैडेट्स एनडीए, टीईएस, सीडीएस आदि एसएसबी में अंतिम रूप से चयनित हो चुके हैं। प्रिंस में कक्षा 6 से 12वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ब्रिगेडियर एवं कर्नल रैंक के 11 डिफेंस ऑफिसर्स द्वारा डिफेंस व सिविल सर्विसेज जैसी उच्च प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। चेयरमैन डा पीयूष सुण्डा ने कहा कि प्रिंस में एनडीए यूपीएससी एवं एसएसबी एक्सपर्ट टीम द्वारा लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू की तैयारी के साथ ही कैंपस में विभिन्न एक्टिविटीज एवं खेलकूद द्वारा विद्यार्थियों के ओवरऑल पर्सनैलिटी डवलपमेंट के कारण ही एनडीए एसएसबी जैसी उच्च स्तरीय परीक्षा में प्रिंस से एक के बाद एक लगातार सलेक्शन हो रहे हैं।

## जल संघर्ष समिति की बैठक आज

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** उदयपुरवाटी जल संघर्ष समिति की वार्षिक मीटिंग रविवार को जगदम्बा टीवीएस मोटरसाईकिल एंजेसी, चौफुल्या-पौंख मैंन रोड किशोरपुरा, चौफुल्या के पास में समिति के मुख्यालय पर सुबह साढ़े 9 बजे मीटिंग आयोजित होगी। समिति अध्यक्ष नथू राम कामरेड ने बताया कि इस मीटिंग हेतु उदयपुरवाटी विधानसभा के तमाम गांवों विशेषकर पहाड़ी बैल्ट व नगरपालिका क्षेत्र में हर गांव ग्रामीण व वार्ड इकाइयों का गठन दो साल पहले हो चुका था, गांव वार्डों की गठित कार्यकारिणीयों से संपर्क कर सभी को पेयजल से संबंधित अपने अपने गांव व वार्ड की रिपोर्ट बनाकर लाने को कहा जा रहा है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह कल

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजलदेसर युवा विकास समिति की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को सायं 5 बजे श्री राजलदेसर गौशाला स्थित बाजोरिया सत्संग हॉल में किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रायोजक मूलचंद दाऊलाल चौधरी भुजिया,, बीकानेर रहेंगे। समिति अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने बताया कि समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाजसेवी हुणतमल नाहर की ओर से सभी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाले स्कूल बैग भी वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पुष्पा देवी चिडालिया करेगी जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास मौजूद रहेंगे। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी हुणतमल नाहर, गणेश रेवाडिया, मदन बैद, पूनमचंद गर्ग एवं डॉ हीरालाल सोनी उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार हरदीप सिंह, थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार बारुपाल तथा दाऊलाल चौधरी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए समिति पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक शुक्रवार देर शाम आयोजित की गई, जिसमें समारोह की रूपरेखा तय करते हुए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में समिति संरक्षक पूनमचंद गर्ग, वीरेंद्र लाटा, ललित दाधीच, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट रोहित मारू, उपमंत्री शिव भगवान सोनी, पूर्व मंत्री मदन दाधीच, कोषाध्यक्ष सीताराम गर्ग, पवन प्रजापत, एडवोकेट जगदीश बलानिया, कन्हैयालाल शर्मा, पंडित बृजेश दाधीच, मधु श्रीमाल, अजीत सुथार, परमेश्वर फोगला सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# बच्चों को पढ़ा लिखा कर प्राउड मॉम बनी रेणु कक्कड़

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** समाजसेवी रेणु कक्कड़ एक खुशनसीब व गर्व से अभिभूत मां हैए क्योंकि आज उनकी मेहनत सफल हो गई है। किसी समय वह सोचती थी कि पढ़ी लिखी होकर भी घरेलू जीवन जीती रही कुछ कर नहीं सकी लेकिन फिर उन्होंने अपना पूरा ध्यान बच्चों की अच्छी परवरिश अच्छी शिक्षा की ओर लगा दिया। सोचा जरूरी नहीं कि पढ़ लिख कर पैसे कमाना ही आवश्यक है सहयोग कैसे भी हो सकता है बच्चों को अच्छे संस्कार अच्छी शिक्षा देना भी अहम कर्तव्य है। इन्होंने 15 साल तक जयपुर के बाजार मॉल तक नहीं देखे, रास्ते तक से भी अनजान थी कि किट्टी क्लब क्या होता है नहीं पता था। बस बच्चों के साथ उनकी प्रदर्शनी उनके प्रोग्राम उनकी पसंद की मूवी देखना ही हॉबी बन चुकी थी। बकौल रेणु ने बताया कि मैं ही उनकी माँ व बेस्ट फ्रेंड थी। पैसा कम ज़्यादा कभी मायने नहीं रखा। खुशियों में ही सदा मेरा घर संसार रहा। ईश्वर की अथाह कृपा व बच्चों की मेहनत माता-पिता के अच्छे संस्कार से आज मेरे बेटे-बेटी व बेटी से बढ़कर बहू की मैं प्राउड मॉम हूँ। मेरे बच्चे अच्छे डॉक्टर बनकर अपनी सेवाएँ देकर अपनी मां का व इस परिवार का पूरे समाज का नाम रौशन कर रहे हैं।

# म्हारी झोपड़ी पधारो श्याम वार्षिकोत्सव में छप्पन भोग फूल बंगले का हुआ श्रृंगार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। म्हारी झोपड़ी पधारो श्याम का 37वां दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं भक्ति संध्या का आयोजन इंद्रा बाजार के बाबा हरिश्चंद्र मार्ग स्थित कानजी पुरोहित की गली में बाबा श्याम का मनमोहक दरबार सजाया। श्याम प्रभु का मनमोहक दरबार सजाकर फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया। इस अवसर पर पावन आशीर्वाद स्वरूप परम श्रद्धेय गोपाल दास महाराज महंत काले हनुमान मंदिर चांदी की टकसाल एवं बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम ऊंची पेड़ी मंदिर विधायक हवामहल विधानसभा क्षेत्र अखंड पावन ज्योति को प्रज्जवलित कर भजन संध्या का शुभारंभ हुई। आयोजक राजकुमार कुमावत राजकुमारी कुमावत ने बताया कि वार्षिक महोत्सव के प्रथम दिन बाबा के छप्पन भोग की झांकी सजाकर ठंडी तासीर वाली व्यंजनों का भोग लगाया। भजन गायकों ने देर रात तक पुष्प और इत्र वर्षा के बीच श्याम प्रभु का गुणगान किया। भावपूर्ण भजनों की स्वर लहरियों पर श्रोता भक्ति की सरिता में डुबकी लगाते रहे। मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ बालमा। श्रद्धालुओं ने श्याम प्रभु के दरबार में प्रज्जवलित अखंड ज्योत में श्रद्धा की आहुति देकर लखदातार के समक्ष हाजिरी दी। रात भर भक्तों के द्वारा दरबार में इत्र वर्षा पुष्प वर्षा होती रही। आयोजन में पधारी श्याम सेवी संस्थाओं का संस्था परिवार की ओर से बाबा श्याम का दुपट्टा स्मृति चिन्ह प्रसाद देकर सम्मानित किया। वार्षिक महोत्सव के समापन अवसर पर रविवार को बाबा श्याम का फूल बंगले में दरबार सजाकर भजन संध्या में भजन गायक बाबा श्याम को रिझायेगे । इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, बाबा श्याम के महाभोग का भोग लगाया जाएगा हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी भंडारा प्रसादी ग्रहण करेंगे ।

# साहस फाउंडेशन ने मनाया मातृ दिवस

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर साहस फाउंडेशन की ओर से मदर्स डे एवं सीबीएसई/आरबीएसई 2026 टॉपर्स अवार्ड समारोह का आयोजन भावनात्मक और प्रेरणादायी माहौल में किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि जिन प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया, वे अपनी माताओं के साथ मंच पर पहुंचे और मातृत्व के संघर्ष, समर्पण और प्रेरणा को सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें रमा दत्त, सबिता नायर, भीम सिंह, सिस्टर अरोकिया, संजय योगी, ओपी राजपुरोहित तथा सभागार में मौजूद करीब 50 माताओं ने भाग लिया। इसके बाद सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर रमा दत्त, सबिता नायर, सिस्टर अरोकिया, ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बेन, ओपी राजपुरोहित, श्याम वर्मा और भीम सिंह सहित कई वक्ताओं ने मां के महत्व, संस्कारों और जीवन में उनके योगदान पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। मुख्य अतिथि युगल बसंत जैन ने प्रमाण पत्र एवं मंच बैनर का लोकार्पण किया। समारोह में सुनीता सोनी, शगुन वर्मा, पूनम दास, सुनैना बारी, काजल सैनी, सरिता सोनी, विभूति राजावत, शुद्धि सैनी, अमिता गर्ग, निदेशक उपशिक्षक नीरू शर्मा मिसेज कर्नाटक, अर्चना डिडवानिया, रितु यादव, रविंद्र यादव की पुत्री, पैलेस स्कूल की 79 स्वर्ण पदक विजेता जूही, वीबी जैन मीडिया टाइकून, साइंस पार्क के कर्मचारी अमर सिंह, प्रिया शर्मा, सुनीता एवं मूल सिंह सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जयपुर विशेष साहस गौरव पुरस्कार की शुरुआत की गई। यह सम्मान सामाजिक कार्यकर्ता दमयंती कंवर सोलंकी को प्रदान किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण यह रहा कि सभी टॉपर विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ मंच साझा करते हुए उन्हें मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं। सोफिया स्कूल घाट गेट और स्प्रिंग फील्ड स्कूल के विद्यार्थियों की विशेष भागीदारी रही। उल्लेखनीय है कि सोफिया स्कूल इस वर्ष अपने 100 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है।

# उपजिला अस्पताल में जटिल केस में स्त्री रोग विशेषज्ञ ने करवाई जुड़वा बच्चों की नॉर्मल डिलीवरी

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** राजकीय उप जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रिया शेखावत ने एक जटिल गर्भावस्था जुड़वा बच्चों के मामले में सफल नॉर्मल डिलीवरी करवाकर मां और दोनों नवजातों की जान सुरक्षित बचाई। डॉ प्रिया शेखावत ने बताया कि करीब 30 वर्षीय गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि महिला के गर्भ में जुड़वा बच्चे थे, जिसमें पहला बच्चा उल्टी स्थिति ब्रीच पोजिशन में था जबकि दूसरा बच्चा सामान्य स्थिति में था। आमतौर पर ऐसे मामलों में ऑपरेशन की संभावना अधिक रहती है। लेकिन डॉ प्रिया शेखावत और उनकी टीम ने अनुभव और सूझबूझ का परिचय देते हुए चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में सफलतापूर्वक नॉर्मल डिलीवरी करवाई। डिलीवरी के बाद मां और दोनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं। उप जिला अस्पताल सरदारशहर में इस प्रकार की जटिल डिलीवरी की सफलता से क्षेत्र के लोगों में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है।

इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रिया शेखावत ने बताया कि यह एक जटिल प्रक्रिया थी जिसमें पहला बच्चा उल्टा था, आमतौर पर जब ऐसी स्थिति होती है तो दूसरे बच्चे को खतरा रहता है और नॉर्मल प्रसव करना मुश्किल होता है। लेकिन हमारी कोशिश और महिला के परिजनों के विश्वास की वजह से यह सब संभव हो पाया है और अब दोनों बच्चे और उनकी मां पूरी स्वस्थ है। उन्होंने कहा कि इस महिला के पहले भी एक बच्चा पेट में ही खत्म हो चुका था इसलिए घरवाले पहले से घबराए हुए थे लेकिन अब एक साथ दो बच्चे होने के कारण स्थिति और मुश्किल थी। लेकिन सफल पुरुषों के बाद परिजन भी खुश नजर आ रहे हैं। इस अवसर पर महिला के पति मोटाराम झोरड़ ने डॉक्टर प्रिया शेखावत का आभार प्रकट करते हुए कहा कि डॉ प्रिया शेखावत की वजह से यह सफल डिलीवरी हो पाई है। उन्होंने कहा कि हम पहले चिंतित थे लेकिन डॉक्टर के आश्वासन के बाद सब कुछ सही हुआ और अब मेरे दोनों बच्चे और मेरी पत्नी बिल्कुल सही है।

# भीषण गर्मी के बीच गहराया पेयजल संकट, बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट लगातार विकराल रूप लेता जा रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि आमजन बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर हैं। भाटी धोरा स्थित दोनों ट्यूबवेल पिछले कई दिनों से खराब पड़ी हैं, जिससे क्षेत्र में पानी की सप्लाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। वार्ड के लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन समस्या के समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। तेज गर्मी में पानी की किल्लत से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई मोहल्लों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों और मोहल्लेवासियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में भेजे जा रहे पानी के टैंकरों में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार हो रहा है। कई स्थानों पर भेदभावपूर्ण तरीके से पानी वितरण किया जा रहा है जबकि कुछ इलाकों में टैंकर पहुंच ही नहीं रहे। इससे लोगों को दूर-दूर तक पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। आक्रोशित लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग को समस्या से अवगत करवाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों ने कहा कि राज्य सरकार आमजन के हित में अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन स्थानीय अधिकारी उन योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में विफल साबित हो रहे हैं। इस दौरान मेघवाल समाज के कालूराम तंवर, चंद्र सिंह भाटी, अमर सिंह भाटी, राम सिंह भाटी, किशन सिंह भाटी, हनुमान सिंह भाटी, पन्ना सिंह भाटी, कान सिंह, रामलाल भाट, खेताराम, प्रहलाद, सुरेश गवारिया, उदाराम, वीरू नायक, सांवरमल, मोहनलाल, शंकरलाल धेतरवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

# गंदगी और जलभराव से लोगों का जीना मुहाल



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में नगर पालिका की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। राजा कोठी सड़क मार्ग पर फैली गंदगी और जलभराव से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे गैनाणी के मुख्य नाले में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मिट्टी और कचरा डाल दिए जाने से रास्ता अवरुद्ध हो गया, जिसके बाद नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैल गया। मुख्य मार्ग पर गंदा पानी जमा होने से अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सड़क पर फैली गंदगी और बदबू से क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन को कई बार समस्या से अवगत करवाया जा चुका है लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। उपस्थित लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गंदगी और जलभराव के कारण क्षेत्र में मौसमी बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। राहुल, विनोद और सागरमल प्रजापत ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि सड़क पर फैले गंदे पानी के कारण बच्चों और मरीजों को निकलने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस दौरान रमाकांत, पहलवान तथा लालचंद माली सहित कई स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## स्कार्पियो पलटने से दो घायल

सुजानगढ़ (नवयत्न)। शुक्रवार रात्रि को सालासर रोड पर ओम बन्ना मंदिर से पहले लोडसर जा रही स्कार्पियो अचानक दो तीन पलटी मार गयी, जिससे उसमें सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को उधर से गुजर रहे लोगों द्वारा बाहर निकालकर मुकेश, विक्रम, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार द्वारा सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया।

## नाम परिवर्तन

मैं सोनजीत सिंह (SONJITA SINGH) पुत्री अयोदय सिंह (AYODHYA SINGH) पत्नी विकास सिकलीगर (VIKASH SIKLIGAR) निवासी मकान नंबर 709 वार्ड नं. 06 गुलाब बाग मेहरों की ढाणी खण्डेला तहसील खण्डेला जिला सीकर (राज.)। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम संगीता सिंह (SONGITA SINGH) व जन्मतिथि 01-01-1989 दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम सोनजीत सिंह (SONJITA SINGH) व जन्मतिथि 10-11-1988 है भविष्य में इन्हें ही सही व सत्य माना जावें।

## आम सूचना


Hinduja Housing Finance Limited शाखा चूरू द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महावीर प्रसाद व सुरेश प्रजापत पुत्रगण पूरणमल प्रजापत निवासी सरदारशहर तहसील सरदारशहर, जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 612.50 दरगज वाके वार्ड नम्बर 08, तहसील सरदारशहर, जिला चूरू जो की जरिए विक्रय पत्र दिनांकित 02.01.1990 को पूरणमल पुत्र सूरजमल प्रजापत ने लादूराम पुत्र जगनाराम ब्राह्मण जरिये पावर ऑफ अटॉर्नी शिवनारायण पुत्र रामेश्वरलाल ब्राह्मण से खरीदी थी पूरणमल के स्वर्गवास के पश्चात जरिये परित्याग पत्र दिनांकित 13.02.2026 को विमला देवी पत्नी पूरणमल व विद्या पुत्री पूरणमल प्रजापत ने प्रार्थियों के पक्ष में परित्याग शुदा है। उक्त जायदाद को प्रार्थीगण Hinduja Housing Finance Limited शाखा चूरू में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Hinduja Housing Finance Limited शाखा चूरू के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**

# मई की भीषण गर्मी में भी कूल फीलिंग देगी हिमाचल की यह जगह, दिखने में बेहद हसीन



बीर उत्तर भारत के हिमाचल प्रदेश राज्य में मौजूद एक बेहद ही खूबसूरत शहर है। अगर आप बीर बिलिंग गए हैं, तो आपको ये भी पता होगा कि ये शहर सबसे पहले अपने पैराग्लाइडिंग एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। आपको बता दें, बीर को इस स्पोर्ट के लिए दुनिया के सबसे अच्छे स्थानों में प्रसिद्धि मिली हुई है। ये शहर हर साल वर्ल्ड पैराग्लाइडिंग चैम्पियनयशिप का भी आयोजन करता है। यहां पर पैराग्लाइडिंग के लिए टेक ऑफ करने की जगह को बिलिंग कहते हैं और लैंडिंग जगह को बीर कहते हैं। इस शहर में रोमांच के अलावा आप मेडिटेशन और धार्मिक चीजों में भी शामिल हो सकते हैं।



## बीर बिलिंग में गुनेहर झरना

गुनेहर कांगड़ा घाटी की पहाड़ियों में शानदार गुनेहर नदी के किनारे स्थित एक छोटा सा गांव है। बीर से लगभग 1.5 किमी की दूरी पर, गुनेहर नदी बीर में छिपे हुए आकर्षणों में से एक है, जहां आप गूगल मैप की मदद से भी नहीं जा सकते। नदी के आसपास के पहाड़, नदी का शांत बहता पानी और इस ग्रामीण इलाके के घने जंगल फोटोग्राफी करने के लिए बेस्ट जगह साबित होते हैं। गुनेहर रिवर पूल तक जाने में लगभग डेढ़ घंटे का समय लगता है और इस जगह को घेरने वाली हरी-भरी हरियाली लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है।



## बीर बिलिंग में चोकलिंग मठ

तिब्बती कॉलोनी के बीच में स्थित, चोकलिंग मठ बीर में सबसे लोकप्रिय तिब्बती मठों में से एक है। इस खूबसूरत मठ को सफेद और अन्य चमकदार रंगों से सजाया गया है, जो देखने में बेहद ही आकर्षक लगता है। इसमें पद्मसंभव की एक मूर्ति और एक स्तूप है। मठ में घूमने के साथ-साथ आप आसपास के खूबसूरत नजारों को भी देख सकते हैं। ये जगह फोटोग्राफी करने के लिए भी एकदम परफेक्ट है। ये मठ बीर लैंडिंग साइट से सिर्फ 1 किमी दूर स्थित है। पैराग्लाइडिंग करते हुए आप इस खूबसूरत मठ को भी देख सकते हैं। हरे-भरे लॉन, शांतिपूर्ण माहौल और हवा में लहराते रंग-बिरंगे झंडे इसे बीर बिलिंग में घूमने के लिए सबसे आकर्षक जगहों में से एक बनाते हैं।

## बीर बिलिंग में टी फैक्ट्री

बीर का मौसम पूरे साल बेहद सुहाना रहता है, तो इस मजेदार मौसम का मजा लेते हुए, आप यहां के चाय के बागान में घूमने के लिए जा सकते हैं। आपको बता दें, यहां चाय के बागानों की संख्या बहुतायत में है। यहां चाय की काफी फैक्ट्रियां हैं और उन्हीं में से बीर बाज़ार के पास द बीर को-ऑपरेटिव टी फ़ैक्टरी लिमिटेड सबसे बड़ी और सबसे लोकप्रिय टी फैक्ट्रियों में आती है। यहां आपको काम करते हुए कई महिलाएं देखने को मिल जाएंगी। ये फैक्ट्री पर्यटकों को अपने परिसर के अंदर ले जाकर वहां की जरूरतमंद जानकारी देने में भी मदद करती है। यहां से आप फ्रेश टी बैग्स की भी खरीदारी कर सकते हैं।



## बीर बिलिंग में बैजनाथ मंदिर

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी राज्य में स्थित बैजनाथ मंदिर हिंदू धर्म के लोगों के बीच एक धार्मिक महत्व रखता है। ये लोकप्रिय मंदिर, देश में भगवान शिव के 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक के रूप में जाना जाता है। देश भर से भक्त भगवान की पूजा करने के लिए इस मंदिर में जरूर आते हैं। भगवान शिव के भक्तों और स्थानीय व्यापारियों अहुका और मनुका द्वारा 1207 ईस्वी में निर्मित किया गया था। इस मंदिर को लेकर कहा जाता है कि यहां से निकलने वाले पानी में औषधीय गुण हैं, जिसकी मदद से लोगों को पुरानी बीमारियां ठीक होती हैं। मंदिर की भीतरी और बाहरी दीवारें हिंदू पौराणिक कथाओं की घटनाओं को दर्शाती हैं।

## बीर बिलिंग कैसे पहुंचे

**फ्लाइट से बीर बिलिंग कैसे पहुंचे :** बीर शहर के लिए कोई सीधी उड़ान कनेक्टिविटी नहीं है। कांगड़ा एयरपोर्ट इससे 67.6 किमी दूर है, जो कि यहां से पास पड़ेगा। बीर के पास के अन्य हवाई अड्डे चंडीगढ़ (290 किमी), अमृतसर हवाई अड्डे (260 किमी) और नई दिल्ली (520 किमी) में हैं।

**सड़क मार्ग से बीर बिलिंग कैसे पहुंचे :** बीर शहर के लिए नियमित बस सेवाएं चलती हैं। शिमला, धर्मशाला आदि स्थानों से रोजाना चाहे दिन हो या रात, कभी भी बस ले सकते हैं। आप यहां तक जाने शेयरिंग टैक्सी या कैब भी ले सकते हैं।

**ट्रेन से बीर बिलिंग कैसे पहुंचे :** बीर के लिए कोई सीधी रेल कनेक्टिविटी नहीं है। पास का स्टेशन पठानकोट में है, जो 112.4 किमी दूर है।



## बीर बिलिंग में बिग मार्केट

बीर बाजार या बीर रोड बीर में एक छोटी लेन मार्केट है, जहां से आप कपड़ों, गिफ्ट शॉप जैसी दुकानें देखने को मिल जाएंगी। स्ट्रीट फूड बेचने वाली गली के किनारे आपको कुछ रेस्टोरेंट भी दिखेंगे, जहां से आप अपनी पेट पूजा कर सकते हैं। इनके अलावा, बीर और उसके आसपास कई दुकानें हैं जो पर्यटकों को बाइक किराए पर देती हैं। अगर आप छोटा-मोटा कुछ खरीदना चाहते हैं, तो बीर बाजार बीर बिलिंग में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

# भारत के इन शहरों के नामों का हुआ है कई बार नामकरण, कुछ को तो बदला गया है 3 से 21 दफे

पिछले कुछ सालों में भारत के कई शहरों के नामों में फेरबदल हुए हैं। भारत में कई ऐसी जगहें हैं, जिनके नाम एक नहीं, दो नहीं, बल्कि तीन बार बदले गए हैं।

**इलाहबास से इलाहाबाद से प्रयागराज :** मुगल शासक सम्राट अकबर ने इस शहर का नाम बदलकर इलाहब कर दिया था, हालांकि समय के साथ इस शहर को इलाहाबाद के नाम से जाना जाने लगा। कुछ समय बाद इस शहर का नाम अंग्रेजी में बदलकर इलाहाबाद कर दिया गया। पहले इसे प्रयागराज या प्रयाग के नाम से जाना जाता था, लेकिन समय के साथ इसके नामों में कई बदलाव हुए। आखिर में इसका नाम प्रयागराज रख दिया गया।

**कानपुर :** आपको बता दें कि पुराने समय से अब तक कुल 21 बार कानपुर का नाम बदला जा चुका है। इतिहासकारों के अनुसार कानपुर का पहला नाम कान्हपुर था, जिसकी स्थापना हिंदू सिंह चंदेल ने की थी। इसके अलावा कानपुर का नाम खानपुर भी रखा गया। आखिर में, आजादी के बाद साल 1948 में इस शहर का नाम कानपुर पड़ा, तब से लेकर आज तक लोग इस शहर को सिर्फ कानपुर के नाम से ही जानते हैं।

**तिरुवनंतपुरम :** केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम का नाम भी समय के साथ कई बार बदला गया है। हालांकि इस शहर का नाम हिंदी भाषा में तिरुवनंतपुरम था, लेकिन अंग्रेजी में इस शहर को त्रिवेंद्रम के नाम से जाना जाता था। 1991 में, केरल सरकार ने शहर का नाम बदलकर तिरुवनंतपुरम करने का फैसला किया।



**मुंबई :** बता दें कि सालों पहले इस शहर को मुंबा देवी के नाम से जाना जाता था, मुंबई का नाम शहर की प्राचीन मुंबा देवी के नाम पर रखा गया था। लेकिन औरंगजेब के शासन काल में इस शहर को बॉम्बे कहा जाने लगा। हालांकि, साल 1995 में बीजेपी और शिवसेना ने मिलकर इस शहर का नाम मुंबई रखा।

**पणजी :** गोवा की राजधानी पणजी का नाम भी समय-समय पर कई बार बदला जा चुका है। पणजी शब्द का अर्थ है वह भूमि जहां कभी बाढ़ नहीं आती। आपको बता दें कि शुरू में पुर्तगालियों ने इस शहर का नाम पंजिम रखा था। कुछ साल बाद, शहर का नाम नोवा गोवा रखा गया, जिसका अर्थ है न्यू गोवा। लेकिन साल 1961 में इस शहर का नाम बदलकर पणजी कर दिया गया।

# मनाली, मसूरी हिल स्टेशन छोड़िए, दिल्ली के आसपास की यह झील भी दिला सकती हैं तेज गर्मी से राहत

इन दिनों लोग घूमने के लिए तरह-तरह के प्लान बनाने में लगे हैं, इससे पहले कि कोरोना की चौथी लहर आए हर कोई ज्यादा से ज्यादा घूमना चाहता है। ऐसे में कुछ लोग घर से दूर जाकर छुट्टियां बिताना चाहते हैं, तो वहीं कुछ लोग आस-पास की जगहों पर जाने की जगहें तलाश रहे हैं।

**भलस्वा झील :** घोड़े की नाल के आकार की ये झील, भलस्वा दिल्ली के जहांगीरपुरा क्षेत्र में में स्थित है। आसपास घर बनने की वजह से इस जगह की खूबसूरती थोड़ी कम हो चुकी है। लेकिन भी ये जगह वन्यजीव आवास के रूप में कार्य करती है। ये जगह प्रवासी पक्षियों सहित बहुत सारे जल पक्षियों को आकर्षित करती है। यहां कई वाटर स्पोर्ट्स हैं जो युवाओं को रोइंग, कयाकिंग और कैनोइंग जैसी गतिविधियों का आनंद लेने के लिए आकर्षित करते हैं। यहां आप पैडल या रोइंग बोट का विकल्प भी चुन सकते हैं। ये झील दिल्ली से 11 किमी दूर है।

**नैनी झील, मॉडल टाउन :** शहरी जंगल के बीच पाया जाने वाली ये अद्भुत जगह झील, वीकेंड पर घूमने के लिए बेस्ट साबित हो सकती है। एक एकड़ चौड़ी नैनी झील मॉडल टाउन में, लोगों को छुट्टियों के दिनों में सबसे ज्यादा आकर्षित करती है। पर्यटक



पार्क के चारों ओर इत्मीनान से टहल सकते हैं या आसपास के पेड़ों के साथ-साथ ठंडी हवाओं और झील के खूबसूरत नजारों को देखने के लिए बेंच पर कुछ देर बैठ सकते हैं। यहां आप बोटिंग का भी भरपूर मजा ले सकते हैं। दिल्ली से इस झील की दूरी 15 किमी है।

**बांग्ला साहिब में सरोवर :** कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में बंगला साहिब गुरुद्वारा दिल्ली का सबसे प्रमुख गुरुद्वारा है। अमृतसर का गोल्डन टेम्पल जैसे दिखने वाले इस गुरूद्वारे में एक बहुत बड़ा सरोवर या झील है। यहां लोग माथा टेकने के बाद, झील का पूरा चक्कर लगाते हैं, और कुछ देर शांति से झील के पास बैठना पसंद करते हैं। इस झील के पानी को काफी पवित्र माना जाता है। गुरुद्वारा मूल रूप से औरंगजेब के दरबार के एक राजपूत सदस्य द्वारा बनाया गया था, जिनका नाम मिर्जा राजा जय सिंह था। दिल्ली से इस कनॉट प्लेस की दूरी 18 किमी है।

**भारद्वाज झील, फरीदाबाद :** फरीदाबाद में स्थित भारद्वाज झील अरावली पहाड़ियों के बीच बसी है, जो कभी-कभार लोगों के लिए एक परफेक्ट वीकेंड स्पॉट साबित होती है। विशेष रूप से रोमांच पसंद करने वालों के बीच ये जगह काफी पसंद की जाती है। झील के साथ पक्षी देखने के लिए, और साइकिल चलाने के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। दिल्ली से झील की दूरी 56 किमी है।


**दमदमा झील, सोहना :** दिल्ली के पास दमदमा झील छुट्टी के दिनों में कुछ घंटे अच्छा बिताने के लिए बेस्ट है। 3000 एकड़ में फैली यह खूबसूरत झील एडवेंचर स्पोर्ट्स, बोटिंग और मंत्रमुग्ध कर देने वाले नजारों के लिए जानी जाती है। पास में एक सल्फर स्प्रिंग है, जो किसी भी तरह का त्वचा रोग का इलाज करने के लिए जानी जाती है। यहां एक स्पा कॉम्प्लेक्स भी है, जहां आप सॉना और स्टीम बाथ का मजा ले सकते हैं।

# बड़ा ही मजेदार है उदयपुर का सास-बहू मंदिर

आपने शिव और विष्णु मंदिर तो कई देखे होंगे, लेकिन कभी आपने सास बहु मंदिर के बारे में सुना है? सास-बहु नाम सुनकर ही आपके दिमाग में एक ही सवाल आया होगा कि इस तरह के मंदिर आखिर है कहा। हम आपको बता दें, ये मंदिर राजस्थान के उदयपुर में स्थित है। असल में मंदिर को सहस्त्रबाहु के नाम से जाना जाता है, लेकिन लोग इस मंदिर सास-बहु के नाम से जानते हैं।

**एक राजा ने इन्हें अपनी पत्नी और बहू के लिए बनवाया था :** राजस्थान के उदयपुर शहर से लगभग 23 किमी दूर नागदा गांव में, सास-बहु मंदिर देखने में बेहद आकर्षक है। लेकिन आपको बता दें, ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, ये सास और बहू से जुड़ा किसी भी तरह का मंदिर नहीं है। बल्कि कच्छवाहा राजवंश के राजा महिपाल ने इसे 10 वीं या 11 वीं शताब्दी ईस्वी में बनवाया था। आमतौर पर माना जाता है कि महिपाल की रानी भगवान विष्णु की भक्त थी। राजा ने अपनी प्यारी पत्नी के लिए एक मंदिर बनवाया, जिसमें वह अपने इष्ट देवता की पूजा कर सके। कुछ समय बाद रानी के पुत्र का विवाह हुआ, जो भगवान शिव की पूजा करती थी। तब राजा ने अपनी बहु के लिए भगवान शिव का मंदिर बनवाया था। जिसके बाद इसका नाम सहस्त्रबाहू कहा जाने लगा।

**सहस्त्रबाहु से सास बहू तक :** चूंकि भगवान विष्णु के मंदिर का निर्माण पहले किया गया था, इसलिए इसका नाम



सहस्त्रबाहु मंदिर रखा गया, जिसका अर्थ है हजारों भुजाओं वाला, भगवान विष्णु का पर्यायवाची। हालांकि, बाद में, जुड़वां मंदिरों सहस्त्रबाहु कहा जाने लगा।.जैसे-जैसे समय बीतता गया, नाम को भी कुछ और ही तरह से लोग बुलाने लगे। समय के साथ इसे लोग सास-बहू मंदिर के नाम से बुलाने लगे। ये मंदिर अन्य मंदिर की तुलना में अपेक्षाकृत बड़ा है।

**मंदिर में देखने लायक जगह :** मंदिर एकलिंगजी मंदिर के रास्ते में स्थित है, जो भगवान शिव को समर्पित है। सास-बहू मंदिर पांच छोटे मंदिरों से घिरा हुआ है। सास मंदिर में विशेष त्योहारों पर भगवान विष्णु की मूर्ति रखने के लिए सामने की जगह में एक तोरणद्वार है। इसके तीन दरवाजे तीन दिशाओं की ओर हैं, जबकि चौथा दरवाजा एक ऐसे कमरे में स्थित है जहां लोग नहीं जा सकते।

मंदिर के प्रवेश द्वार पर, देवी सरस्वती, भगवान ब्रह्मा और भगवान विष्णु की मूर्तियां रखी गई हैं। मंदिर की दीवारों पर अद्भुत नक्काशी की गई है। लेकिन कई आक्रमणों और समय के प्रभाव के कारण, मंदिर के कुछ हिस्से खंडहर में हैं।

**1100 साल पुराना है ये मंदिर :** इस मंदिर का निर्माण 1100 साल पहले कच्छपघात राजवंश के राजा महिपाल और रत्नपाल ने बनवाया था। इस मंदिर में भगवान विष्णु की 32 मीटर ऊंची और 22 मीटर चौड़ी सौ भुजाओं वाली मूर्ती है।

**मुगलों ने बंद करवाया अंग्रेजों ने खुलवाया :** इस मंदिर के लिए इतिहासकारों का मानना है कि भारत में मुगल आए थे, तो मुगलों ने सास-बहु मंदिर को चुने और रेत से ढकवा दिया था और पूरे मंदिर पर अपना राज जमा दिया था। मंदिर के धनर विष्णु भगवान के अलावा शिव जी के साथ-साथ कई मूर्तियां थी, जिन्हें मुगलों ने खंडित कर दिया था। बाद में भारत में अंग्रेज आए और पूरे देश पर कब्जा करके इस मंदिर को वापस खुलवा दिया था।

# लंका पर विजय पाने के लिए पांच दिन में बना था श्रीरामसेतु यह रहस्यमयी चीजें बनाती हैं इस जगह को खास

रामसेतु के निर्माण को लेकर हमेशा से कई मान्यताएं जुड़ी रही हैं। कुछ मानते हैं कि इसे वानर सेना ने तैयार किया था। तो वहीं कुछ कहते हैं, इसे कोलकाता के एक व्यापारी द्वारा बनवाया गया था। वहीं कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि ये चुना पत्थर से बना एक प्राकृतिक पुल है। भारत के तमिलनाडु में मौजूद ये ब्रिज आज भी एक धार्मिक महत्व रखता है। यहां से एरियल व्यू वेहद ही शानदार लगता है। ये पुल भारत के पंबन द्वीप से श्रीलंका के मन्नार द्वीप से जुड़ा हुआ है।

## ऐसा ब्रिज जिस पर चला जा सकता है

ऐसा कहते हैं कि राम सेतु समुद्र तल से ऊपर था। कुछ ऐतिहासिक रिकॉर्ड बताते हैं कि 15 वीं शताब्दी तक इस ब्रिज पर उस दौरान लोग चलकर पार किया करते थे। ये जमीन से करीबन 3 से 30 फुट तक गहरा है। 1480 में आए एक तूफान की वजह से ये ब्रिज कुछ टूट चुका था।

## ब्रिज के कई जहां नाम

तमिलनाडु के रामेश्वरम में मौजूद राम सेतु का नाम तो आप सभी जानते हैं, लेकिन क्या आपको ये बात पता है कि इसके कई अन्य नाम भी है। ब्रिज को एडम ब्रिज, नल सेतु और सेतु बंध के नाम से भी जाना जाता है। चूंकि इस ब्रिज को भगवान राम और उनकी वानर सेना द्वारा बनाया गया था, इस वजह से ज्यादातर लोग राम सेतु के नाम से जानते हैं। इसे नल सेतु भी कहा जाता है, क्योंकि इसे नल द्वारा डिजाइन किया गया था। एडम ब्रिज नाम प्राचीन इस्लामिक ग्रंथों द्वारा दिया गया है।

## नहीं जा सकते जहाज

साल 1480 में समुद्र एक बड़े चक्रवात आने के बाद पुल पानी के अदंर डूब गया था। वैसे, आज राम सेतु पानी के अंदर है, लेकिन फिर भी यहां जहाजों को आने-जाने की अनुमति नहीं है। असल में, कुछ पॉइंट और गहराई के स्तर के साथ पानी काफी उथला हुआ है और ये पुल पूरी तरह से डूबा हुआ भी नहीं है। इस वजह से, भारत से जहाजों को श्रीलंका पहुंचने के लिए दूसरा रास्ता अपनाना पड़ता है।

## राम सेतु कितना पुराना है

राम सेतु कितना पुराना है, इसे लेकर कई अलग-अलग मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। कई पौराणिक कथाओं के अनुसार ये पुल करीबन 3 हजार साल पुराना है। तो कुछ के अनुसार इसे 7 हजार पुराना बताया जाता है।

## वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाए गुत्थी

ये ब्रिज अपने डिजाइन और इतिहास की वजह से लोगों को हैरान करता है। इसके निर्माण की गुत्थी आज तक वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाएं हैं। इस पुल के निर्माण में पत्थरों को आपस में जोड़ने के लिए किस तकनीक का इस्तेमाल हुआ है, इसके बारे में आजतक कोई नहीं जान पाया है। दुनियाभर के वैज्ञानिक इसे लेकर कई रिसर्च में लगे हुए हैं।

# एसआई भर्ती रद्द होना युवाओं के संघर्ष की जीत : बेनीवाल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने शनिवार को जयपुर में मीडिया से मुखातिब होते हुए पेपर लीक, बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार और अस्पतालों की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार का तंत्र जनता को राहत देने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है और मुख्यमंत्री का अपने विभागों पर ही नियंत्रण नहीं है। बेनीवाल ने एसआई भर्ती-2021 रद्द कर नई भर्ती निकालने के फैसले को अपने आंदोलन की बड़ी जीत बताते हुए पेपर लीक मामलों की सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन में कई नेताओं की पेपर लीक प्रकरण में संलिप्तता रही और अब भी असली दोषियों को बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में भाजपा नेताओं के फोन टैप कराने और छापे मरवाने वाले अधिकारियों को वर्तमान भाजपा सरकार ने ही प्रमुख पदों पर बैठा रखा है, जिससे भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच अंदरूनी गठजोड़ साफ नजर आता है। जल जीवन मिशन घोटाले का जिक्र करते हुए बेनीवाल ने कहा कि पूर्व जलदाय मंत्री की गिरफ्तारी के बाद भी कई अधिकारी, नेता और ठेकेदार अब तक गिरफ्त से बाहर हैं। सनातन और हिंदुत्व के मुद्दे पर भाजपा को घेरते हुए सांसद ने कहा कि भाजपा केवल सनातन संरक्षण का ढोंग कर रही है। जयपुर जिले के भैराणा धाम में संतों के आंदोलन की अनदेखी इसका उदाहरण है। उन्होंने भरतपुर में पहाड़ बचाने को लेकर संत द्वारा आत्मदाह की घटना का भी उल्लेख किया। बेनीवाल ने कहा कि जाट आरक्षण, गुर्जर आरक्षण और किसान आंदोलनों में उनकी पार्टी हमेशा आंदोलित पक्ष के साथ खड़ी रही है।

उन्होंने अग्निवीर योजना को युवाओं और सेना का मनोबल कमजोर करने वाला बताया तथा किसानों की आय दोगुनी करने के दावे को भी झूठा करार दिया। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2028 के चुनाव में बड़ा राजनीतिक परिवर्तन देखने को मिलेगा, जिसकी झलक पंचायत और निकाय चुनावों में नजर आएगी। इस दौरान एसआई भर्ती-2021 रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलनरत युवाओं ने सांसद हनुमान बेनीवाल का सम्मान भी किया।



## बीएसएनएल के तार काटने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के छह शातिर गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर की बजाज नगर थाना पुलिस और कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दूरसंचार विभाग की मुख्य टेलीफोन केबल काटकर तांबे के तार चुराने वाले एक बड़े अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए बिहार के रहने वाले गिरोह के छह शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में तांबे के तार और केबल काटने के औजार बरामद किए गए हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस और कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दूरसंचार विभाग बीएसएनएल की मुख्य टेलीफोन केबल काटकर तांबे के तार चुराने वाले एक बड़े अंतर्राज्यीय गिरोह के शातिर बदमाश मुजाहिद, मुजफ्फर,

कदीर, मंसूर, अनीश और सरफराज को गिरफ्तार किया गया है और पकड़े गए सभी आरोपित मूल रूप से बिहार के अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, जो जयपुर में रहकर इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का न्यायालय से पीसी रिमांड हासिल किया और उनकी निशानदेही पर 54 किलोग्राम तांबे जैसी धातु के कटे हुए तार, केबल काटने और खुदाई में इस्तेमाल होने वाले दो गेंतीएदो फावड़े और एक आरी फनर बरामद किया है। थानाधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि थाना इलाके में स्थित टोंक रोड पर टोंक फाटक पुलिया के नीचे से गुजर रही बीएसएनएल की मुख्य टेलीफोन कनेक्शन लाइन को चोरों ने काट दिया था। जिससे क्षेत्र की संचार सेवाएं ठप हो गईं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं वारदात की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आलोक सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर विनोद कुमार शर्मा के निर्देशन में नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने सीएसटी टीम के साथ मिलकर तकनीकी साक्ष्य जुटाए और संदिग्धों पर नजर रखी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने वारदात में शामिल सभी छह आरोपितों को दबोचा। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि वे चुराया गया तांबा किसे बेचते थे और पूर्व में उन्होंने ऐसी कितनी वारदातों को अंजाम दिया है। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने और आरोपियों को दबोचने में सीएसटी टीम के कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह लांबा तथा बजाज नगर थाने के कांस्टेबल महेंद्र कुमार व रामवतार की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

## कैम्पर से टक्कर मार कर तोड़ा ठेके का शटर, फिर लूटी शराब

निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** कस्बे के बस स्टैण्ड पर संचालित शराब ठेके के शटर को कैम्पर गाड़ी से टक्कर मार तोड़ने तथा ठेके में रखी शराब की बौतलें एवं नकदी लूटने का मामला थाने में दर्ज हुआ है। थानाधिकारी चन्द्रभान ने बताया कि केहरपुरा निवासी आशीष ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह बस स्टैण्ड पर शराब ठेका का संचालन करता है। ठेके पर विनोद कुमार सेल्समैन का काम करता है। शुक्रवार रात करीब 11 बजे शराब ठेका बंद था इसी दौरान कैम्पर गाड़ी में सवार हो कर घूमनसर निवासी योगेन्द्र, हेमंत, सचिन एवं आशीष तथा उनके साथ पांच-छह अन्य लोग आए। कैंपर सवार युवकों ने सेल्समैन से शराब देने की मांग की। सेल्समैन ने समय सीमा समाप्त होने की बात कहते हुए शराब देने से इंकार कर दिया। इसी दौरान कैम्पर सवार युवकों ने कैम्पर गाड़ी की टक्कर मार कर शराब की दुकान का शटर तोड़ दिया जिससे दुकान में रखा डी फ्रीज एवं कुछ शराब की बोतलें टूट गई। आरोपी जाते समय दुकान से शराब की बोतलें तथा सेल्समैन से तीन से चार हजार रूपये भी लूट ले गए। इधर दूसरे पक्ष ने भी पुलिस में आशीष सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है कि शुक्रवार देर रात चार कैम्परों में सवार हो कर गांव घुमनसर की रोही में स्थित खेत में पहुंचे तथा अपने पिता को पानी पकड़ाने आई बच्ची को कैम्पर से टक्कर मार दी। हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घालय का जयपुर के अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## बच्चों से चोरी करवाने वाली गैंग का पर्दाफाश

**जयपुर ( नवयत्न )।** महेश नगर व ज्योति नगर थाना पुलिस ने भीड़भाड़ व सब्जी मंडी जैसी जगहों पर बच्चों से चोरी करवाने वाली गैंग का खुलासा किया है। शातिर गैंग के सदस्य बच्चों को भीड़ भाड़ वाली जगहों पर भेजकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिलवाते थे। पुलिस ने गिरोह के लोगों से करीब डेढ करोड़ रुपए के मोबाइल फोन बरामद किए है। पुलिस ने महेश नगर व ज्योति नगर में मैच के दौरान मोबाइल फोन चोरी करने वालों को दबोचा है। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि गिरोह के लोग भीड़भाड़ वाले जगहों पर जाकर कम उम्र के बच्चों से मोबाइल चोरी करवाते है। गिरोह अपने किसी परिचित ऑटो वाले को हॉट बाजार या भीड़ वाली जगह पर में खड़ा कर देते थे। उसके बाद में सभी भीड़भाड़ में घुस जाते और बच्चों को एक खाली थैला हाथ में थमा देते थे। बच्चा भीड़ का फायदा उठाकर लोगों की जेब से या साइड से मोबाइल निकाल लेता था। इसी तरह आईपीएल मैच के दौरान भी भीड़ में लोगों के मोबाइल चोरी करते थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में जांच जारी है। पुलिस थाना महेश नगर ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर 7 मोबाइल बरामद किए। वहीं पुलिस थाना ज्योति नगर ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 5 मोबाइल बरामद किए है। पुलिस ने बच्चों से चोरी करवाने के आरोप में दिलबर कुमार मंडल निवासी मीना बाजार हाल मालवीय नगर कच्ची बस्ती निवासी को गिरफ्तार किया है।

## एसएमएस मेडिकल कॉलेज में छात्र ने की आत्महत्या

**जयपुर ( नवयत्न )।** एसएमएस थाना इलाके में सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की आठवीं मंजिल पर सीढ़ियों की रैलिंग पर एक एमबीबीएस फाइनल ईयर के छात्र ने फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शनिवार सुबह छात्र को फंदे से लटका देख हॉस्टल परिसर में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि नितिन यादव पुत्र अर्जुन सिंह अलवर निवासी 20 दुकान नायला हाउस के पास अपने कुछ दोस्तों के साथ किराए के फ्लैट पर रहता था। शनिवार को नितिन का फोरंसिक मेडिसिन का पेपर था। नितिन अपने दोस्तों के साथ एसके मेनन हॉस्टल में पढ़ने गया था। रात करीब 2 बजे वो अपने फ्लैट पर जाने की बात कहे कर वहां से निकल गया और करीब पौने तीन बजे वो न्यू आर डी हॉस्टल पहुंचा।

# मदर्स डे पर हुआ रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय बाल भारती इण्टरनेशनल स्कूल मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या विनिता चैधरी रहीं। जबकि विशिष्ट अतिथि डूंगरगढ़ सीबीईओ सरोज वीर पूनियां, डॉ साधना प्राचार्य रहे। प्रधानाचार्या चांदकिरण शेखावत, प्रबन्धक बुधाराम खिलेरी ने अतिथियों का माल्यार्पण व शाल पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि विनिता चैधरी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाएँ आज अनेक भूमिकाओं का निर्वाह करती है लेकिन माँ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।

क्योंकि बच्चों की प्रथम गुरू माँ ही होती है। सरोजवीर पूनिया ने कहा की बच्चों के विकास में माँ की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चा वही सिखता है जो उसके माता पिता करते है। अत: सभी माताओं को अपने बच्चों के सामने बहुत अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि सभी बच्चे अपनी माँ को रौल माडल मान सके। डॉ साधना ने मदर्स डे पर सभी उपस्थित माताओं को शुभकानाएं दी। कार्यक्रम के अन्त में स्कूल डायरेक्टर प्रेम नेहरा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बेस्ट आउट आफ वेस्ट तथा कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बेस्ट आउट आफ वेस्ट में टियारा कन्दोई, दीक्षा विजेता रहे। कुकिंग विदाउट फायर में सायशा, वेदांश, स्वरा एवम् सिद्धिका जैन विजेता रहे। कार्यक्रम में प्रबंधन कमेटी के लोग व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। संचालन योगिता शर्मा तंवरा तथा दक्षिता राठौड़ भीमसर ने किया।







## विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने मौहा मन

**पिलानी ( नवयत्न )।** कस्बे स्थित राधाकृष्ण बिरला स्कूल में मातृ दिवस शनिवार को मनाया गया। विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल में रंग भरा। विद्यालय प्रधानाध्यापिका शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजन में विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत एवं सामूहिक प्रस्तुतियों से मौहाल में रंग भरा। उन्होंने बताया कि इस मौके माताओं के लिए विशेष खेल, आर्ट एवं क्राफ्ट गतिविधियां का आयोजन किया गया। विजेताओं को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया।

## विशेषज्ञों ने सेमिनार में बताए साइबर ठगी से बचने के उपाय



निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** कस्बे में साइबर क्राइम पर सेमिनार का आयोजन शनिवार को हुआ। जन कल्याण युवा संस्थान शाखा पिलानी तथा इन्द्रमणि मंडेलिया महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में विशेषज्ञों ने साइबर ठगी के बढ़ते अपराधों पर चिन्ता जताते हुए बचाव के उपाय सुझाए। सेनिमार में जिला पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर मुख्य अतिथि थे। बिरला शिक्षण संस्थान उप निदेशक अजय कुमार अग्रवाल ने अध्यक्षता की। अतिथियों ने आज के तकनीक के युग में साइबर ठगी की बढ़ती चुनौती पर चर्चा करते हुए बचाव के उपाय सुझाए। एडवोकेट ईशान मिश्रा, साइबर सैल के अशोक कुमार विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए। वक्ताओं ने दिन प्रतिदिन ठगी के बदलते तरीकों पर चर्चा करते हुए फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट, बिजली बिल बकाया के नाम पर लोगों को डरा कर खातों से फ्रोड की संभावनाओं की जानकारी दी तथा जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फिशिंग लिंक, सेक्सटॉर्शन, सोशल मीडिया हैकिंग और लोन ऐप फ्रॉड, फेसबुक से फ्रोड से जुड़ी जानकारी देते हुए सावधानी बर्तने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने साइबर ठगी के शिकार होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने के की हिदायत दी। इससे पहले महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अशोक कुमार, उप प्रचार्य डॉ दीप्ति कौशिक एवं प्रबंध समिति के पवन जखोड़िया ने अतिथियों का स्वागत किया। नितेन्द्र पाठक ने सेमिनार से जुड़ी जानकारी दी। गौरव कुमार सैनी, प्रमोद कुमार सैनी, डॉ अशोक वर्मा, ऋषि राज सिंह राठौड़, प्रवीण पाडिया सहित ने बड़ी संख्या में कस्बे के नागरिकों ने भाग लिया। शाखा अध्यक्ष डॉ मनोज जांगिड़ के नेतृत्व में अतिथियों का प्रतिक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

## व्हीकल लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला ईनामी गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना पुलिस ने वाहन लोन दिलाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपित एवं 7 हजार 500 रुपए के इनामी अपराधी कैलाश पूनिया निवासी कालवाड जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित पर वाहन लोन स्वीकृत कराकर उसकी राशि आवेदकों को न देकर अपने जानकारों की फर्म के खातों में ट्रांसफर करवाता था। पुलिस के अनुसार गिरोह अब तक दो दर्जन से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 26 मार्च 2026 को परिवादी महावीर सिंह नाथावत निवासी कूडियों का बास जोबनेर ने थाना करधनी में मामला दर्ज करवाया था कि ट्रैक्टर खरीदने के लिए लोन की आवश्यकता होने पर वह यूएच फाइनेंशियल सर्विसेज के कार्यालय पहुंचा। जहां उसकी मुलाकात सुभाष घासल, कैलाश पूनिया एवं आयुषी पारीक से हुई। आरोपितों ने लोन दिलाने का भरोसा देकर एचडीएफसी बैंक के खाली चेकों पर हस्ताक्षर करवाए तथा कई दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। आरोपितों ने कुछ समय बाद पीड़ित महावीर को यह कहकर टाल दिया कि उसका सिविल खराब होने से लोन निरस्त हो गया है। इसके बाद में आरएमके फिनकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड चिड़ावा जिला झुंझुनूं से बकाया राशि वसूली का नोटिस मिला। तब खुलासा हुआ कि आरोपितों ने उसके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर उसके नाम पर स्वयं लोन उठा लिया। जांच में सामने आया कि आरोपित कैलाश पूनिया वाहन मालिकों के नाम पर लोन स्वीकृत करवाकर पूरी राशि अपने परिचितों की फर्म यूएच फाइनेंस सर्विसेज के खातों में ट्रांसफर करवाता था। इस घटना के बाद आरोपित फरार होकर राजस्थान से बाहर छिपा हुआ था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम की ओर से 7 हजार 500 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। एडिशनल डीसीपी राजेश गुप्ता एवं एसीपी आलोक कुमार के सुपरविजन में थाना करधनी पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार प्रयास कर आरोपित कैलाश चंद पूनिया को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वर्ष 2020 में विनायक फाइनेंस के नाम से फर्म संचालित करता था तथा उस दौरान भी विभिन्न एनबीएफसी कंपनियों के साथ धोखाधड़ी कर चुका है। आरोपित के खिलाफ थाना करधनी में इसी प्रकार के चार अन्य मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# ग्राम विकास रथ यात्रा के जरिए दी केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सुराज के ध्येय को साकार करने के उद्देश्य से निकाली जा रही ग्राम विकास रथ यात्रा शनिवार को नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुँची। यात्रा का पहाडीला, बागोरिया की ढाणी, टोडपुरा और टोंकछीलरी में ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर रथ यात्रा विधानसभा प्रभारी एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने किसानों को आर्थिक संबल दिया है। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की राज्य सरकार गांव-गरीब और किसान के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने का कार्य निरंतर जारी है। इस दौरान कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्होंने मनोरंजन के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का संदेश भी जन-जन तक पहुँचाया। प्रशासनिक स्तर पर सहायक विकास अधिकारी बंशीधर कालेर, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ बलदेव सिंह, सहायक कृषि अधिकारी सतपाल माहिच और प्रधानाचार्य आशा टांक, ग्राम विकास अधिकारी कमल बेनीवाल, रिछपाल पूनिया, कृषि पर्यवेक्षक शीशराम सहित कई विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की तकनीकी जानकारी दी और मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किशन लाल गुर्जर, पंचायत प्रशासक राजेन्द्र सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामकरण चौधरी, ओमप्रकाश धींवा, डॉ गोपाल राम, मायाराम, बृजलाल कुमावत, पूर्ण सिंह शेखावत, श्रीराम सैनी, हरिसिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आभा एप व स्वास्थ्य सम्बंधी प्रशिक्षण आयोजित



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** सीएचसी दांता की टीम द्वारा श्री बद्रीनारायण भैरवदत्त खेतान उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर दांता में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। साथ ही एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति बच्चों को जागरूक एवं प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ सुभाष चंद्र वर्मा एवं महेंद्र कुमावत द्वारा आभा के माध्यम से टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया विद्यार्थियों को समझाई गई तथा बताया गया कि इस एप से बच्चे अपना हेल्थ रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित एवं मेंटेन कर सकते हैं। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि इससे मरीज लंबी कतारों से बच सकते हैं तथा टोकन प्रणाली के माध्यम से आसानी से पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान संस्था प्रभारी नंदकिशोर तिवाड़ी, डॉ सुभाष वर्मा, महेंद्र कुमावत, जयप्रकाश कुमावत तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## निजी अस्पताल में युवती से दुष्कर्म का मामला

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के एक निजी अस्पताल में केयरटेकर के रूप में काम करने वाली युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी ड्यूटी ऑफिसर के खिलाफमामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है पुलिस ने बताया कि जयपुर की रहने वाली 21 साल की युवती ने मामला दर्ज कराया है कि वो एक निजी अस्पताल में केयर टेकर के पद पर कार्यरत है। गत 8 फरवरी की रात को वो अस्पताल में थी, तभी रात करीब 1 बजे हॉस्पिटल में ड्यूटी ऑफिसर ने उसे बहाने से बुलाया और अकेलपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने घटना का वीड़ियो अपने मोबाइल में बना लिया और किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

# द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों का हुआ निस्तारण



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ न्यायालय परिसर में वर्ष 2026 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई। अदालत हेतु एक बैंच का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़ थे। बैंच सदस्य के रूप में तालुका विधिक सेवा समिति के सदस्य संतोष बाबू इंदौरिया, अधिवक्ता सुशील कुमार बाकोलिया तथा राजस्व अधिकारी के रूप में उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार थे। राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी समझौते (राजीनामे) के माध्यम से त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण करना रहा। लोक अदालत में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश न्यायालय के 15 प्रकरणों तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के 53 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त 10 वर्ष से अधिक पुराने 02 प्रकरण, 10 लाख रुपये तक के 06 प्रकरण, वैवाहिक (मैट्रिमोनियल) के 26 प्रकरण, प्री-लिटिगेशन के 12 प्रकरण, सेशन का 01 प्रकरण, सिविल के 04 प्रकरण, एमवी एक्ट के 5095 प्रकरण, रेंट मैटर्स के 01 प्रकरण तथा क्रिमिनल कंपाउंडेबल के 31 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। निस्तारण के दौरान प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में 839098 तथा एनआई एक्ट के प्रकरणों में 2761000 रुपयों की राशि की वसूली हुई। वहीं वैवाहिक प्रकरणों में 6000 राशि पर समझौता हुआ। इस अवसर पर बार संघ अध्यक्ष अधिवक्ता प्रमोद इंदौरिया सहित अधिवक्ता रामावतार पुरोहित, आशुतोष पुरोहित, रामअवतार ठठेरा, पंकज मंडर, लक्ष्मण प्रजापत, खेमाराम प्रजापत, सुरेंद्र जयसवाल, गौरीशंकर हरितवाल, अजय चौधरी, गौतम नाथोलिया, आकाश इंदौरिया सहित बार संघ से जुड़े अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# लैपटॉप चोरी करने वाला गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंदिर से एप्पल कंपनी का कीमती लैपटॉप चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपित रायसर प्लाजा में मोबाइल और लैपटॉप रिपेयरिंग का काम करता है। जो अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया गया लैपटॉप भी बरामद कर लिया है। फिलहाल आरोपित से पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि श्रीगंगानगर निवासी और हाल मालवीय नगर की रहने वाली अमीषा गर्ग ने मामला दर्ज कराया था कि वह 2 मई की सुबह मालवीय नगर स्थित विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने गई थी। उसने अपना लैपटॉप बैग मंदिर की बेंच पर रखा और माथा टेकने चली गई। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो बेंच से एप्पल का लैपटॉप और बैग गायब मिला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और थानाधिकारी महेश चन्द्र के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मंदिर और आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी अनुसंधान की मदद से संदिग्धों पर नजर रखी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपित अभिषेक शर्मा निवासी बांसखोह, बस्सी हाल नारायण विहार जयपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित अभिषेक शर्मा आदतन अपराधी है। वह जयपुर के प्रसिद्ध इलेक्ट्रॉनिक मार्केट रायसर प्लाजा में मोबाइल व लैपटॉप मैकेनिक का काम करता है। मैकेनिक होने के कारण उसे गैजेट्स की अच्छी समझ है और वह चोरी के लैपटॉप को आसानी से खपाने की फिराक में रहता था। आरोपित के खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में पहले से ही करीब आधा दर्जन चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से जयपुर शहर के अन्य इलाकों में की गई लैपटॉप चोरी की वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है जिससे कई अन्य खुलासे होने की उम्मीद है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी महेश चन्द्र, सहायक उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल लोकेंद्र सिंह, मनोज कुमार और रौनक शामिल रहे।

# सचिवालय के डीआईपीआर सेक्शन में लगी आग

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान शासन सचिवालय स्थित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की न्यूज शाखा में शनिवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि कर्मचारियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते आग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया। जिससे बड़ा नुकसान टल गया। जानकारी के अनुसार शनिवार होने के कारण शाखा में कर्मचारियों की संख्या कम थी। दोपहर करीब 2 बजे लंच के दौरान न्यूज शाखा में अचानक धुआं और आग की लपटें दिखाई देने लगीं। कर्मचारियों ने तुरंत बाहर निकलकर दमकल विभाग एवं सचिवालय प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद तत्काल एमसीबी ट्रिप कर बिजली सप्लाई बंद की गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का कार्य शुरू किया। वहीं डीआईपीआर के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आग से न्यूज शाखा के कुछ बिजली उपकरणों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। हालांकि किसी कर्मचारी के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का मुख्य कारण बताया है। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सचिवालय परिसर में इससे पहले भी अलग-अलग विभागों में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

# पुलिस कमिश्नर ने कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को लेकर ली समीक्षा बैठक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शहर में बेहतर कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने तथा आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं अपराधियों में भय की भावना स्थापित करने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट में समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर सिटी अजय सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था राजीव पचार, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच तथा पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव, पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा, पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि, पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण एवं पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजिता शर्मा मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर मित्तल ने महिला अत्याचार, बाल अपराध एवं एससी-एसटी एक्ट से संबंधित प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मामलों में पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही बैठक में चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी निगरानी एवं विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नकबजनी एवं अन्य अपराधों में लिप्त बदमाशों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया। पुलिस कमिश्नर ने नए आपराधिक कानूनों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने तथा सभी थानों में इनके संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण एवं कार्रवाई को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने लंबित प्रकरणों एवं पेंडिंग मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि अनुसंधान कार्य में तेजी लाकर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा बैठक में वांछित अपराधियों एवं हार्डकोर अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाने तथा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पुलिस कमिश्नर ने सभी थानों में दर्ज प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने, सम्पूर्ण पोर्टल एवं राजकॉप एप पर दर्ज मामलों की मॉनिटरिंग कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय जांचों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उन थाना क्षेत्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई जहां अपराध नियंत्रण एवं कार्रवाई की स्थिति संतोषजनक नहीं है। पुलिस आयुक्त ने ऐसे थानों के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए आवश्यक रणनीति बनाने के निर्देश दिए। पुलिस कमिश्नर ने संगठित अपराधों एवं गैंगस्टर गतिविधियों में शामिल अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस बैठक में साइबर अपराध एवं ऑनलाइन फ्रॉड से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई करने तथा आमजन को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने तथा पीड़ितों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुलिस कमिश्नर ने पुलिस महानिदेशक के निर्देशों पर थाना स्तर पर महिला बीट और युवा सीएलजी सदस्यों का गठन करने तथा महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी बढ़ाकर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। बैठक में संपर्क पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। पुलिस आयुक्त ने कहा कि आमजन को त्वरित न्याय एवं बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि आमजन को त्वरित न्याय एवं बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बीट पुलिस प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाकर आमजन से संवाद एवं समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए।

# बाइक चुराने वाला शातिर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शहर के प्रसिद्ध गौरव टावर बाजार की पार्किंग से मोटरसाइकिल चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पकड़ा गया आरोपी बेहद शातिर और आदतन अपराधी है जिसके खिलाफहत्या के प्रयास, डकैती और चोरी जैसे गंभीर अपराधों सहित करीब दो दर्जन ; मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शहर के प्रसिद्ध गौरव टावर बाजार की पार्किंग से मोटरसाइकिल चुराने वाले लोकेश उर्फ लोकेन्द्र निवासी बालाघाट जिला करौली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लोकेश उर्फ लोकेन्द्र अपनी मौज-मस्ती के खर्चों और शौक पूरे करने के लिए वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड बेहद चौंकाने वाला है। उसके खिलाफ जयपुर के श्यामनगर, प्रतापनगर, करौली के बालाघाट, श्री महावीरजी और चित्तौड़गढ़ के भैंसरोडगढ़ सहित विभिन्न थानों में हत्या का प्रयास, अपहरण, डकैती की योजना और चोरी के करीब 24 संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से जयपुर शहर के अन्य इलाकों से चुराई गई गाड़ियों और उसके नेटवर्क के बारे में गहन पूछताछ कर रही है। जिससे कई अन्य बड़ी वारदातों के खुलासे होने की उम्मीद है। इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी महेश चन्द्र, सहायक उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह, मनोज कुमार और रौनक शामिल रहे। थानाधिकारी महेश चन्द्र ने बताया कि 4 मई को बूंदी के नैनवा निवासी और हाल मानसरोवर जयपुर में रह रहे परिवादी रविराज ने मामला दर्ज कराया था। कि वह 1 मई की रात अपनी बाइक जीटी बाजार की पार्किंग में खड़ी कर अंदर गया था। एक घंटे बाद जब वह वापस लौटा तो पार्किंग से उसकी बाइक गायब थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने जीटी बाजार और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों पर नजर रखी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपित को चिन्हित करते हुए धर-दबोचा।

# विधायक सीवरेज की जांच क्यों नहीं करवाते : कुलदीप

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने सतगुरू होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन कर विधायक मनोज मेघवाल पर निशाना साधा। कुलदीप ने कहा कि विधायक नगरपरिषद के बाहर चल रहे धरने पर पहुंचे और उन्होंने मीडिया के सवालों को गोल मोल करने का प्रयास किया। कुलदीप ने कहा कि जब-जब सिवरेज के प्रश्न आये तो विधायक ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जब हम लोग सभापति उप सभापति थे उस पांच साल के कार्यकाल की करवा लीजिए और हाल ही में कांग्रेस के सभापति कार्यकाल की जांच करवा लीजिये, भ्रष्टाचार किसमें हुआ है आपको पता चल जायेगा। उन्होंने कहा कि सभापति निलोफर के कार्यकाल में हर बार बारिश से पहले नाला सफाई के टेंडर लेट किए गए लेकिन इस बार प्रशासक के कार्यकाल में फरवरी लास्ट में टेंडर हो गए। आपको जवाब देना चाहिए कि पांच सालों तक नाला सफाई के टेंडर लेट क्यों किए गए। कुलदीप ने कहा कि दो बार मनोज मेघवाल विधायक बनने के बावजूद भी उन्होने आज तक सिवरेज के भ्रष्टाचार की जांच क्यों नहीं करवाई। कौनसे झूठ आप छुपा रहे हैं, क्या भूमिका सभापति और विधायक की रही, इसकी जांच हो। उन्होने कहा कि भाजपा के शासन में धरने पर बैठे कांग्रेस नेता के खुद के पास चार-पांच टेंडर वर्तमन समय में हैं, इससे ज्यादा क्या पारदर्शिता हो सकती है कि भाजपा राज में कांग्रेस नेता को टेंडर मिले हैं।

जबकि उसने अब तक काम शुरू नहीं किया है। मेरी मांग है कि इस व्यक्ति की फर्म को ब्लेकलिस्ट किया जावे क्योंकि ये समय पर काम शुरू नहीं करते। कुलदीप ने कहा कि कांग्रेस दलित वर्ग के लोगों को भ्रमित कर रही है जबकि ग्रीन स्पेस में पहले से ही बाबा साहेब की मूर्ति लगना तय है। उन्होने टेंडरो के माध्यम से वसूली करने के गंभीर आरोप कांग्रेस नेताओ पर लगाए। उन्होंने कहा कि ये धरना भामाशाहों के खिलाफहो गया है क्योंकि एक समिति ने नेहरू पार्क में लाखों रूपए लगाकर जीणोद्धार करवाया और अब ये व्यक्ति विशेष को आवंटन के झूठे आरोप लगा रहे हैं, नेहरू पार्क जनता का है और रहेगा।

# प्रथम चरण का जनगणना प्रशिक्षण संपन्न



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सफल क्रियान्वयन हेतु उपखंड के केशरदेवी राजकीय लोहिया कन्या महाविद्यालय में उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार के निर्देशन में चल रहे प्रगणक व सुपरवाइजर का प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ। उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने बताया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश के विकास योजनाओं की आधारशिला होते हैं। उन्होंने सभी प्रगणक व सुपरवाइजर से इस राष्ट्रीय महाभियान में पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। चल रहे प्रशिक्षण का जनगणना निदेशालय के सहायक निदेशक हरिसिंह बिजारनणियां द्वारा निरीक्षण किया गया एवं सभी प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को स्वगणना संबंधि विस्तृत प्रक्रिया से अवगत करवाया और आवंटित एचएलबी ब्लॉक में 15 मई तक अधिकतम स्वगणना पूर्ण करवाने हेतु भी प्रेरित किया। ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी मो. सलीम ने बताया कि उक्त जनगणना प्रशिक्षण में जिला स्तर से प्रशिक्षित 10 फील्ड ट्रेनर्स ने ग्रामीण, राजलदेसर ग्रामीण नगरपालिका राजलदेसर के 4 चार्ज क्षेत्र के कुल 647 प्रगणको व सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनर्स ने जनगणना 2027 के महत्व, गुणवत्ता मानकों एवं प्रशिक्षण के मूलभूत नियमों पर विस्तार से जानकारी दी। जनगणना में प्रयुक्त प्रमुख अवधारणाओं एवं परिभाषाओं जैसे हाउस लिस्टिंग ब्लॉक परिसर, भवन, जनगणना मकान एवं परिवार आदि विषयों को विस्तार से समझाया। साथ ही मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया, गणना प्रपत्रों को सही ढंग से भरने की विधि, तकनीकी एवं डिजिटल उपकरणों मोबाइल एप एवं पोर्टल के उपयोग तथा फील्ड में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों के समाधान जनगणना के एच एल ओ एप से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गयी । इस अवसर पर तहसीलदार हरदीप सिंह, नायब तहसीलदार किशनाराम पूनिया, कुलदीप मरोलिया, प्रतीक महर्षि, सतीश तिवाड़ी, संजय जोशी, श्यामलाल बारूपाल, पवन कुमार शर्मा, सुरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ निलेश नामा की सेवाएं अब एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल में

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के रोड नंबर 3 स्थित एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा विस्तार करते हुए एसएमएस हॉस्पिटल, जयपुर के अनुभवी न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ निलेश नामा को अपनी टीम में शामिल किया है। डॉ निलेश नामा ब्रेन, स्पाइन एवं ट्रॉमा सर्जरी के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखते हैं। उनकी विशेषज्ञता में मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी, ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हैमरेज, दिमाग की नस फटना (एन्यूरिज्म), न्यूरो ट्रॉमा और इमरजेंसी न्यूरोलॉजिकल केयर शामिल हैं। एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल पहले ही जिले में एडवांस सर्जरी जैसे ब्रेन एन्यूरिज्म और स्पाइन सर्जरी सफलतापूर्वक कर चुका है, जिससे यह अस्पताल क्षेत्र में उन्नत चिकित्सा सेवाओं का मजबूत केंद्र बन चुका है। डॉ निलेश नामा की ओपीडी सेवाएं प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। डॉ निलेश नामा के आगमन पर अस्पताल में स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर हिमांशु सिंह पीआरओ, राकेश पूनिया तहसीलदार, खालिद हुसैन पूर्व सभापति, इंद्रपाल भूरिया, चंद्रप्रकाश धूपिया, डॉक्टर यूनुस कुरैशी, उमर कुरैशी, भंवर गहलोत, फारूक निर्वाण, इदरीश कुरैशी, महेंद्र चौधरी, राजकुमार, आजम भाटी, जुल्फिकार कुरैशी, शरीफ चौहान, सज्जाद मालवान, शब्बीर गहलोत, इमरान बडगूजर, युसूफ रंगरेज, उस्मान गनी, याकूब काजी, हॉस्पिटल के समस्त डॉक्टर एवं स्टाफ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अस्पताल के यूनिट हेड दीपक सैनी ने बताया कि अस्पताल में अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, वेंटिलेटर युक्त आईसीयू, ट्रॉमा सेंटर और 24 गुणा 7 इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध हैं।

अस्पताल मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, आरजीएचएस, ईसीएचएस सहित विभिन्न सरकारी एवं बीमा योजनाओं से अधिकृत है, जिससे आमजन को सुलभ एवं किफायती इलाज मिल रहा है। हमारा लक्ष्य है कि झुंझुनू को एक उभरते हुए मेडिकल हब के रूप में विकसित किया जाए, जहां मरीजों को बड़े शहरों जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं अपने ही शहर में उपलब्ध हो सकें।

# मदर्स डे : बच्चों ने शिक्षकों और माताओं का लिया आशीर्वाद

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** कस्बे की श्रीआदर्श क्रिएटिव स्कूल में मदर्स डे समारोहपूर्वक मनाया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ हुए इस समारोह में बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति भाव व्यक्त करते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग के नन्हें मुन्ने बच्चों ने अंगुली पकड़ कर माँ मेरे दिल में रहती मेरी माँ, मेरी माँ, प्यारी माँ, पर बहुत ही भावपूर्ण नृत्य कर उपस्थित माताओं को भावुक होने के लिए मजबूर कर दिया। आयुषी एंड ग्रुप, दीक्षा एंड ग्रुप, हर्षिता एंड ग्रुप, माही एंड ग्रुप द्वारा माताओं के जीवन वृत्त को रेखांकित करने वाली मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी उपस्थित जनों का दिल जीत लिया। हर्षिता, टीना, जया एवं भव्या ने स्वरचित कविता के माध्यम से अपनी माताओं को सेल्यूट किया। अनेक माताओं ने अपने बच्चों के साथ नृत्य प्रस्तुत कर समारोह में चार चाँद लगा दिए। समारोह का मुख्य आकर्षण माताओं को आदर्श मदर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित करना रहा। कक्षा 5 व 8 में ए ग्रेड वाले 64 व कक्षा 10 व 12 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 107 विद्यार्थियों की माताओं को दुपट्टा पहना कर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। निदेशक गिरीश लाटा ने अपने उद्बोधन में अनेक प्रेरक प्रसंगो के माध्यम से माताओं के त्याग, समर्पण व अपने बच्चों के लिए किए जा रहे अथक परिश्रम के लिए सेल्यूट करते हुए कहा कि विद्यार्थी की सफलता से सर्वाधिक योगदान माताओं का होता है, अतः प्रत्येक माताएं वंदनीय होती है, अभिनंदनीय होती है। प्राचार्य डॉ प्रमोद पांडिया, एकेडमिक डायरेक्टर शिवरतन पारीक, आदर्श महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा, प्राइमरी विंग प्रभारी हेमलता महर्षि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विजेता रही सुनीता चौधरी को आदर्श मदर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तृप्ति जैसनसरिया, लक्षिता चौधरी, मंजू देवी को विशेष पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राधिका व आयुषी ने किया।

# एनआई एक्ट न्यायालय खोलने की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** प्रदेश के कानून मंत्री जोगाराम पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह राठौड़, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को भाजपा नेता जयश्री दाधीच के नेतृत्व में अभिभाषक संघ की ओर से ज्ञापन सौंपे गए हैं। बार अध्यक्ष सुरजमल यादव, उपाध्यक्ष प्रदीप कठातला, सचिव एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, एडवोकेट विमल गोदारा, दशरथसिंह, महावीर सिद्ध, भाजपा नेता कमल दाधीच की मौजूदगी में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ में जनहितो के मध्यनजर नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एनआई एक्ट के मामलों की सुनवाई के लिए एन आई एक्ट न्यायालय खोला जावे तथा सब जेल की स्थापना करने की स्वीकृति प्रदान की जावे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190